हरिभूमि रायपुर भूमि



दीवारों पर अयोध्या मंदिर की वॉल पेंटिंग, तोरण आकर्षक लाइटिंग की गई

### रैली में डेढ़ हजार भगवाधारी

22 जनवरी को मेडिकल कांप्लेक्स से जयस्तंभ चौक तक सुबह नौ बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें डेढ़ हजार दवा व्यापारी शामिल होंगे, जो भगवा रंग के कपड़े पहनेंगे। इस दौरान यहां के दवा व्यापारियों के साथ काम करने वाले कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए दिनभर भोग-भंडारा के साथ विभिन्न तरह के कार्यक्रम होंगे।


### आकर्षक लाइटों से सजा कांप्लेक्स

दवा व्यापारियों ने उत्सव को ध्यान में रखते हुए समूचे मेडिकल कांप्लेक्स को रंगीन लाइटों से सजाया है। प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव के दिन यहां रात में जोरदार आतिशबाजी की व्यवस्था भी की गई है। दवा व्यापारियों का कहना है कि भले ही अयोध्या के समारोह में शामिल नहीं हो पाए हों, मगर राजधानी में इसक उत्सव मनाने के लिए वे पूरी तरह से तैयार हैं।


# अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, भगवामय हुआ दवा बाजार, निकालेंगे विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्साह में राजधानी का दवा बाजार भी भगवामय हो गया है। मेडिकल कांप्लेक्स की दीवारों पर अयोध्या मंदिर सहित भगवान राम की आकर्षक वॉल पेंटिंग और लाइटिंग करने के साथ तोरणों से सजाया गया है। 22 जनवरी को निकाली जाने वाली शोभायात्रा का आयोजन ⏭ शेष पेज 14 पर



## खबर संक्षेप



### मोडिफाई सायलेंसर 12 हजार का फटका

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में बुलेट में मोडिफाई सायलेंसर चलाने वाले एक वाहन मालिक को कोर्ट ने 12 हजार रुपए का जुर्माना किया है। पुलिस के मुताबिक कोर्ट ने अभिजीत सिंह को जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार तीन दिन पूर्व 10 दिसंबर को पेट्रोलिंग पार्टी ने अभिजीत को टाटीबंध के पास मोडिफाई सायलेंसर लगाकर बुलेट चलाते पकड़ा था।

### धक्का लगने के विवाद में हत्या की कोशिश

**रायपुर।** खरोरा थाने में एक युवक ने दो अन्य युवक तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ धक्का लगने के विवाद में उसके ऊपर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने



की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महासमुंद निवासी हिरेंद्र साहू ने सोनू, कमल कर्रा तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। हिरेंद्र ने पुलिस को बताया कि सोनू तथा उसके साथियों ने खरोरा स्थित गुरुवारी बाजार में धक्का लगने की बात को लेकर विवाद करते हुए उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

### भाड़ा विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में दो पक्षों ने भाड़ा विवाद में एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अभिषेक द्विवेदी ने शिवम कोल तथा दो अन्य के खिलाफ मारपीट करने



की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि शिवम तथा उसके साथी रविशंकर दानी की दुकान का किराया मांगने पहुंचे और उसके साथ विवाद कर मारपीट की। विनोद कुमार ने अभिषेक पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। विनोद ने पुलिस को बताया कि अभिषेक ने उसे जबरन दुकान खाली करने विवाद करते हुए मारपीट की।

### ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस अपराध दर्ज आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है। बाइक से जा रहे शंकर साहू तथा



हरीश डहरिया की ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार गेवरा नहर के पास शंकर तथा हरीश बाइक से जा रहे थे, इसी दौरान ट्रक सीजी 06 जीएक्स 7769 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

फिटनेस टेस्ट में न हो फेल, इसलिए पीयूसी सेंटर में गाड़ियों का बना रहे फर्जी सर्टिफिकेट

# अनफिट गाड़ियों को बिना जांच किए 100 रुपए में दे रहे पीयूसी सर्टिफिकेट

ललित राठोड़ ⏭ रायपुर

शहर में वाहनों के प्रदूषण की मानकता जांच में लापरवाही बरती जा रही है। पीयूसी सेंटर से वाहनों की जांच किए बिना ही प्रदूषण का वेरीफाई सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। इसके लिए सेंटर संचालक तय शुल्क से 20 से 40 रुपए अधिक वसूल रहे हैं। बड़ी आसानी से लोगों को अनफिट गाड़ियों को प्रदूषण मुक्त वाहन का प्रमाणपत्र मिल जा रहा है। यही वजह है कि वाहनों से निकलने वाले धुंए से रोजाना प्रदूषण का स्तर दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। हर साल सड़कों पर दौड़ने वाले ऐसे वाहनों की वाहनों की संख्या बढ़ चुकी है, जो अपनी समय अवधि से अधिक सीमा पार करने के बावजूद दौड़ रहे हैं।

हरिभूमि ने शुक्रवार को शहर के पीयूसी सेंटर की पड़ताल की, तो पता चला वाहनों का फिटनेस कराने के लिए गाड़ी का पीयूसी सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य है। प्रदूषण की जांच करने वाले सिर्फ वाहन और चालक की फोटो मांगकर प्रदूषण जांच में पहले ही दो से तीन बार फेल हो चुके वाहनों का वेरीफाई सर्टिफिकेट जारी कर रहे हैं। यही कारण है कि शहर में 50 हजार से अधिक वाहन धुंआ छोड़ते दौड़ रहे हैं। वर्तमान में प्रदूषण जांच केंद्रों पर वाहनों की जांच के दौरान प्रदूषण का प्रमाणपत्र गलत दिया जा रहा है या सही, इसकी जानकारी नहीं मिल पाती। जब वाहन फिटनेस टेस्ट के लिए आता है, उस समय जारी पीयूसी सर्टिफिकेट को जांचने ⏭ शेष पेज 14 पर




### मॉनिटरिंग नहीं इसलिए लापरवाही

रायपुर में करीब 85 पीयूसी सेंटर हैं। इसमें से 53 ऑनलाइन व 32 ऑफलाइन संचालित हैं। सभी सेंटरों को परिवहन विभाग को वाहन फोर सॉफ्टवेयर से जोड़ा जाना था, ताकि वाहनों से जुड़ी दूसरी जानकारी भी ऑनलाइन डेटा के माध्यम ⏭ शेष पेज 14 पर

### ऐसे चल रहा पूरा खेल

पैसे कमाने के लिए पीयूसी संचालक बिना जांच किए भी सर्टिफिकेट बना देते हैं। इसके लिए वे सौ रुपये ज्यादा लेते हैं। वाहन की जांच के दौरान यदि गाड़ी ज्यादा धुंआ दे रही होती है, तो गाड़ी के नंबर के साथ फोटो खींच लिया जाता है। इसके बाद गाड़ी को बिना रेस दिए हल्के से स्टार्ट करने के बाद स्टिक को थोड़ा सा ही अंदर डाला जाता है। इससे स्टिक काफी कम धुंए को पकड़ पाती है। यदि गाड़ी काफी ज्यादा धुंआ भी दे रही होती है, तो दूसरी गाड़ी के साइलेंसर में स्टिक डालकर प्रिंट निकाल दिया जाता है। कई लोग बिना किसी जांच के ही प्रिंट निकाल देते हैं। नियमानुसार गाड़ी के धुंए के आधार पर सर्टिफिकेट जारी किया जाता है, लेकिन पीयूसी सेंटर में बिना जांच किए सालभर का सर्टिफिकेट बना दिया जा रहा है।

**केस 1** भगत सिंह चौक

रिपोर्टर: पुरानी गाड़ी का अर्जेंट में पीयूसी सर्टिफिकेट चाहिए।
संचालक: बन जाएगा। गाड़ी कहा है आपकी?
रिपोर्टर: गाड़ी लाना संभव नहीं है।
संचालक: तो आप गाड़ी का फोटो मंगवा लीजिए, सर्टिफिकेट बन जाएगा। 100 रुपए देने होंगे।

**केस 2** विधानसभा रोड

रिपोर्टर: गाड़ी का पीयूसी सर्टिफिकेट बनाना है।
संचालक: हो जाएगा। गाड़ी साथ लाए हैं?
रिपोर्टर: गाड़ी घर पर है। बिना जांच के सर्टिफिकेट बन जाएगा?
संचालक: मुझे गाड़ी नंबर और फोटो भेज दीजिए। बन जाएगा।




### साफ्टवेयर को बेहतर बनाने का कार्य चल रहा

पूर्व में भी फर्जी पीयूसी प्रमाणपत्र बनाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। सॉफ्टवेर को और बेहतर बनाने का कार्य चल रहा है। जल्द ही पीयूसी केंद्र द्वारा वीडियो बना कर अपलोड करना भी अनिवार्य किया जाएगा, ताकि जो गाड़ी उपस्थित हो, उसी गाड़ी का पीयूसी प्रमाणपत्र जारी हो सके।

- **शैलाभ साहू,** असिस्टेंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर

# अन्य राज्यों में मिला वैरिएंट छग में भी कर रहा लोगों को संक्रमित

- जीनोम सीक्वैसिंग में 25 सैंपल में जेएन.1 की पुष्टि
- अधिक वायरल लोड वाले मामले भेजे जाएंगे एम्स




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अन्य राज्यों की तरह कोरोना ने छत्तीसगढ़ में भी अपना रूप बदला है। संक्रमित लोगों के सैंपलों की जीनोम सीक्वैसिंग टेस्ट में 25 लोगों में जेएन.1 की पुष्टि हुई है। संक्रमित मिले लगभग सभी मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और कोविड वायरस का बदला स्वरूप भी ओमीक्रॉन की तरह कम असरदार है।

छत्तीसगढ़ में मिले कोरोना के नए स्वरूप के बाद स्वास्थ्य विभाग भी थोड़ी सजगता बढ़ाते हुए सभी जिलों को निर्देश जारी कर रहा है कि संक्रमण के जिन मामलों में सीटी वैल्यू 25 से कम है यानी जिसके शरीर में वायरल लोड अधिक है, उनके सैंपल जीनोम सीक्वैसिंग के लिए एम्स भेजे जाएंगे। कोविड मामलों में स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि संक्रमित मिले 48 लोगों के सैंपल जांच के लिए एम्स भेजा गया था, जिसमें 25 के सैंपल में जेएन.1 की पुष्टि हुई है, जिसके मामले सभी राज्यों में सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि संक्रमित हुए लोग स्वस्थ्य हो चुके हैं और यह माना जा चुका है कि नया वैरिएंट ओमीक्रॉन के जैसा ही कम असरदार है, इसलिए अधिक चिंता की आवश्यकता नहीं है। राज्य में अब तक दो सौ से अधिक लोग कोरोना संक्रमण के शिकार हो चुके हैं। इनमें तीन लोगों की मौत हुई है, जिनके भीतर नया म्यूटेंट नहीं मिला है। अधिकारियों के मुताबिक संक्रमण और रिकवरी लगभग समान होने की वजह से एक्टिव केस बहुत अधिक नहीं बढ़ रहे हैं। जिन लोगों को कोरोना संक्रमित पाया जा रहा है, उनमें से किसी को कोरोना संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है।

# दिसंबर के बिजली बिल में राहत की डबल ठंडक

- नवंबर में बिजली की कीमत कम होने के साथ ऊर्जा प्रभार में लगने वाले शुल्क की दो माह की अंतर की राशि की भी वापसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को दिसंबर के बिजली बिल में राहत की डबल ठंडक का अहसास हो रहा है। उपभोक्ताओं को नवंबर की बिजली की कीमत में राहत मिली है। नवंबर की बिजली चार फीसदी सस्ती हुई है। इस माह ऊर्जा प्रभार पर अक्टूबर से 4.13 फीसदी शुल्क कम लग रहा है। अक्टूबर में ऊर्जा प्रभार पर 11.17 फीसदी शुल्क था, जो अब घटकर 7.04 हो गया है। इसी के साथ विधानसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता के कारण सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय नहीं हो सकी थी, वह भी तय होने से इन दो माह के शुल्क में भी करीब तीन फीसदी का फायदा उपभोक्ताओं को मिल रहा। दोनों के बिल का समायोजन भी दिसंबर के बिल में होने से उपभोक्ताओं को दिसंबर का बिल जो जनवरी में आ रहा है, उसमें डबल राहत मिल रही। यही नहीं ठंड होने के कारण इस समय खपत भी कम होने से बड़ा फायदा मिल रहा है।

प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के रूप में बिजली की कीमत बढ़ने से अंतर की राशि वसूली जाती थी, लेकिन इसको केंद्र सरकार ने नए सत्र अप्रैल से बंद कर दिया है। इसके स्थान पर केंद्रीय सरकार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग ने अब उत्पादन लागत के ⏭ शेष पेज 14 पर

### दो माह के पुराने बिल में भी फायदा

अगस्त में 10.31 प्रतिशत ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लिया गया। यही शुल्क सितंबर और अक्टूबर में भी लिया गया। अब सितंबर का शुल्क 6.47 फीसदी तय हुआ है। ऐसे में उपभोक्ताओं को इस माह के बिल में 3.84 फीसदी का लाभ मिलेगा। इसके बाद अक्टूबर का शुल्क 11.17 प्रतिशत हो गया। यानी अगस्त से करीब एक फीसदी ज्यादा। ऐसे में सितंबर और अक्टूबर के बिलों का समायोजन होने के बाद उपभोक्ताओं को करीब तीन प्रतिशत का लाभ दिसंबर के बिल के साथ मिल रहा है। इसमें खपत के हिसाब से 25 रुपए से लेकर तीन सौ रुपए तक बिल कम आ रहा है। इसी के साथ नवंबर में भी 4.13 फीसदी शुल्क अक्टूबर की तुलना में कम लग रहा है।

# तापमान में होगी गिरावट लेकिन सामान्य तक पहुंचने की उम्मीद कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उत्तर से आने वाली हवा के प्रभाव से तापमान में गिरावट तो हो रही है, मगर वह अनुमान से कम है। इसके आने वाले दिनों में सामान्य तक पहुंचने की उम्मीद बहुत कम है। शहर में रात का तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा होने की वजह से गर्म कपड़े पहनने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान था कि उत्तर से आने वाली हवा के प्रभाव से तापमान में तेजी से गिरावट होगी, मगर पहले दिन ऐसा नहीं हुआ।

- शहर में रात का तापमान पांच डिग्री ज्यादा

तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट आई, लेकिन इसका असर ठंड की वापसी के रूप में महसूस नहीं हुआ। रायपुर में पिछले चौबीस घंटे में रात का तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक था। मौसम विशेषज्ञ अब मान रहे हैं कि उत्तरी हवा बहुत अधिक असर नहीं दिखा पाएगी। इसका प्रभाव थोड़ी ठंड तक ही सीमित रहने की संभावना है। अगले दो दिन में पारा दो से तीन डिग्री नीचे तो जाएगा, मगर यह सामान्य से अधिक रहेगा। इसकी वजह से भूमध्य प्रशांत महासागर में अलनीनो की सक्रियता को बताया जा रहा है। शुक्रवार को छाए बादल छंट तो गए, मगर इससे मौसम में किसी तरह का बदलाव होता नजर नहीं आया और अगले चौबीस घंटे में दिन और रात के मौसम में मामूली बदलाव ही होने के आसार बन रहे हैं।

# बच्चे को स्कूल से घर ला रही स्कूटी सवार महिला को कार ने मारी ठोकर, मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ फेस-2 कालोनी में स्कूल से बच्चे को स्कूटी में लेकर लौट रही महिला को एक तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से महिला स्कूटी से उछलकर सड़क पर जा गिरी। सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से महिला की मौत हो गई। स्कूटी सवार महिला का 10 वर्षीय बेटा घायल हो गया। बच्चे का एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है। एक्सीडेंट में बच्चे के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। भागने की कोशिश कर रहे कार चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। घटना शुक्रवार दोपहर दो से ढाई बजे के बीच की बताई जा रही है।


पुलिस के मुताबिक ओडिशा पासिंग की थार नामक वाहन में ठोकर लगने से इंद्रप्रस्थ फेस-2 कालोनी निवासी कुसुमलता दुबे की मौत हुई है और उनका बेटा घायल हुआ है। घटना के बाद पुलिस ने मूलतः ओडिशा, भवानीपटनम निवासी आकाश दास को गिरफ्तार किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आकाश दास अपने साथियों के ⏭ शेष पेज 14 पर

### 10 साल का बेटे का पैर फ्रैक्चर, स्कूल से लौटते समय हुआ हादसा, डीडीनगर क्षेत्र की घटना



आरोपी



मृतका

- भागने की कोशिश कर रहे कार चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया
- आरोपी युवक इंद्रप्रस्थ में किराए का मकान लेकर पढ़ाई कर रहा था

### नशे में होने की पुष्टि नहीं

चार चालक और उसके साथी नशे में थे या नहीं, इसकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मेडिकल रिपोर्ट के बाद कार चालक के नशे में होने या नहीं होने की पुष्टि होने की बात कह रही है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पड़ताल में कार युवक के नाम से रजिस्टर्ड होना पाया गया है।

# महादेव एप का हवाला के जरिए पैसा खपाने वाले दो कारोबारी ईडी की हिरासत में

- पूछताछ के लिए 17 जनवरी तक कोर्ट ने ईडी की रिमांड पर दिया
- छत्तीसगढ़ सहित दुबई में प्रापर्टी खरीदने के साक्ष्य मिलने की बात सामने आ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महादेव सट्टा एप से जुड़े दो अन्य कारोबारी जिसमें एक कोलकाता तथा दूसरा रायपुर का है, को ईडी ने हिरासत में लिया है। दोनों कारोबारियों से पूछताछ करने के बाद ईडी ने उन्हें विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया। ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने दोनों ⏭ शेष पेज 14 पर

### अनिल दम्मानी के साथ था संबंध

सूत्रों के मुताबिक अमित तथा नितिन महादेव सट्टा एप का पैसा हवाला के माध्यम से खपाने अनिल दम्मानी के संपर्क में थे। अनिल के कहने पर दोनों कारोबारियों ने महादेव सट्टा एप का करोड़ों रुपए हवाला के माध्यम से खपाने का काम किया है। सूत्रों के मुताबिक महादेव सट्टा एप की रकम को अमित तथा नितिन हवाला के माध्यम से खपाने के बाद उसे व्हाईट मनी में तब्दील कर अकाउंट में ट्रांसफर करने का काम करते थे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

ROTARY CLUB OF RAIPUR COSMOPOLITAN

# SHAANDAR SHANIWAR

AAPKA HUMARA SABKA

COSMO EXPO 2024

2pm To 10pm

Shriram BUSINESS PARK

12 13 14 15 January 2024

Vidhansabha Road, Raipur

TODAY'S LIVE PERFORMANCE

Scan the QR Code at the entrance to win a lucky draw daily.

Sufi Night by- Qafila jashn-e-sufi

Stand up Comedy Musical Band By Nikhil Sharma

FREE Entry Valet Parking

REAL ESTATE | AUTOMOBILE | EDUCATION | FINANCE | AGRICULTURE | FOOD | HOME FURNISHING | ANCILLARY

IN ASSOCIATION WITH- छत्तीसगढ़ जनसंपर्क · CREDAI CHHATTISGARH · ASA ADVERTISING AGENCY

CO-SPONSORS- HDFC BANK · AXIS BANK · CHHATTISGARH HERBALS Quality Forest Products · Chhattisgarh Chhattisgarh Tourism Board · FINOLEX PIPES · WT THE WHITE TEAK COMPANY

STEEL PARTNER- सेल SAIL · JSW ONE TMT · KAMDHENU STEEL · SAGAR TMT & PIPES

AUTOMOBILE PARTNER HDN MOTORS

EDUCATION PARTNER ITM UNIVERSITY

SURVEILLANCE PARTNER ASHIRWAD

PHOTOGRAPHY PARTNER Pic Xclusive

FOOD PARTNER- SARVOTTAM Rice Bran Oil

FOOD & FASHION PARTNER Raipur FOODIE Love

BRANDING PARTNER VAYA MEDIA TRADITIONAL TO MODERN

avinash a relation for life · AISHWARYA GROUP · ASHTVINAYAKA REALTIES · AMALTAS CASTLE · Bhardwaj real for everyone · CHAITANYA Greens · CLASSIC GROUP LIFESTYLE MATTERS · PIONEER HOMES Quality with Responsibility · Raheja Group · REAL SPACES · RAJAT BUILDTECH · RISHABH BUILDERS Building your Dreams

7 Wonder City · SRISHTI 25 YEARS OF TRUST · Sapphire Greens · SINGHANIA BUILDCON GROUP Building lifestyle since 1993 · SHRI SWASTIK GROUP · SHIVA HOMES · VGR REAL ESTATE Building Happiness · VIP CITY A City in The City · wallfort Building Homes · WOODS VILLE YOUR GREEN HABITAT

INVESTMENT AND FINANCE: HDFC BANK LTD.. AXIS BANK • ANAND RATHI INVESTMENT SERVICES • WEALTH FINE TECH | IRON AND STEEL • BLUE LINE TMT • HARIOM METALLICS • J. K .STEEL • JSW - ONE TMT • KAMDHENU STEEL • RAMA TMT • SAIL • SAMBHAV TUBES • SHYAM METALICS AND ENERGY • CG INFRA • BUILDER ANCILLARY • TI-SA-FUR • GLOSTER CABLES LTD • NARESH MARKETING • NORWOOD SWITCHES AND AUTOMATION • SOURISH ECE INDUSTRIES LTD (BIRLA GROUP) SHREE SHANKAR MACHINERY • MAGIC PAINT • TAP & TILES • MOTTO MARBLE • PARAFLEX WIRE AND CABLES • WAVE DUCT COOLERS • ASIAN TILES • ANAND DISTRIBUTOR (JAQUAR) • UK CONCEPT • PREMIER VENTURES • KEI WIRES • FOURTHWALL (JIVAN GLASS) • DREAM WINDOW • CRI PUMPS PVT. LTD • ASHIRWAD ELECTRONICS • EXPRESS TRADECOM • SARDA ECO BRICKS • HOIST ELEVATORS AND ESCALATORS • SKY AIR COOLER • REERTH TECHNOLOGIES PVT. LTD. • AIS WINDOWS • AXEWOOD MODULAR • YALE • GODREJ SECURITY . • TRUE POWER LTD • UNIVERSAL NEXT (खिड़की की पाठशाला) • A. R. Enterprises • KONE ELEVATOR INDIA PVT. LTD • Bharat Construction • CGK ENGINEER • GUJRAJ TANK | START UP • HOUSING CART REALITY SERVICES & INFRABUILD PVT LTD. • CODENICELYlex • WOO CHAT • VICATION | WELLNESS FIVE LOTUS INDO GERMAN NATURE CARE CENTRE • SWIMWELL POOLS PVT.LTD • NADI PARIKSHA JADI BUTI UPCHAR • R.K.ENTERPRISES • LEX WELL • R. K INFRAA • AMANZA POOLS & FOUNTAIN | SOLAR AND POWER MAHINDRA DIESEL GENERATORS • TATA GENSET • SHANKHESHWAR ENERGIES • GREEN INFINITY SOLAR • PHOENIX SOLAR AND RECYCLABLE ENERGY PVT LTD • POWER GREEN ENTERPRISES • SR CORPORATE | FURNITURE BALDEO FURNITURE • YASH MODULAR • HOME TOWN • POSHTOWN • SPARK LIFE • LIVING SPACE • SPYSIS KITCHEN • Jethram Furniture • BLUE FOX FURNITURE | AUTOMOBILES AUDI • EBLU ELECTRIC MOTORS • G K (JCB) • SHIVNATH HYUNDAI • G. K. ELECTRIC • SHIVNATH MAHINDRA • VINAYAK E MOTORS • SPEED SKODA • KAIZEN TOYOTA • SKY AUTOMOBILE • HDN MARUTI SUZUKI • MERCEDES • NATIONAL GARAGE • BMW - MUNICH MOTOR • Vishwabharti Automobiles PVT LTD • Jaguar • TATA CARS KA NAYA GHAR - MAHADEVA VEHICLES • Bharat automotive | EDUCATION ITM UNIVERSITY • VENKATESHWAR SIGNATURE SCHOOL • THE GREAT INDIA SCHOOL • ANJANEYA UNIVERSITY • KALINGA UNIVERSITY • COLUMBIA GLOBAL SCHOOL | LIFESTYLE SADHANA DHAND • RINKI BALANI • RADHIKA'S COLLECTION • DEBO PRIYA • BANFASHA DELHI (SANDHYA APPARELS) • SNEHA LINENWALA • REET ROOT • FREEDOM OIL (GEMINI EDIBLES AND FATS INDIA LIMITED) • ALYSIAM BY ANJ • MV UNIFORM SOLUTIONS | GENERAL • ULTRA WASTE MANAGEMENT SERVICES LLP • EPSON • ANAND CHOPKAR • CONCRETO+ • PRINTMINE • GOLDEN MOMENTS • ROBUST PROTECTIVE FARMING • DEVYANI ENTERPRISES • Sika India Pvt Limited • MAIRA Resort and Convention Centre | Government Mahila Bal Vikas • CREDA

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस संचार विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त हुए विकास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने विकास तिवारी को छग कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग का वरिष्ठ प्रवक्ता नियुक्त किया है। श्री तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के मीडिया कार्यों के संपादन की भी जिम्मेदारी दी गई है। श्री तिवारी वर्तमान में राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन के प्रदेश प्रतिनिधि हैं। श्री तिवारी लंबे समय तक मीडिया विभाग में प्रवक्ता और प्रदेश सचिव भी रहे हैं।

### राज्य उपभोक्ता आयोग के कैलेंडर का विमोचन




**रायपुर।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने किया। इस अवसर पर कर्मचारी/अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, आशुतोष शर्मा, हरिशचंद दीपक, अफरोज खान, केशव शर्मा, राजकिशोर सिंह, प्रतीक तिवारी, राकेश त्रिपाठी समेत प्रदेश के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## निधन

### सुनील कुमार रॉयचौधरी

**रायपुर।** राजधानी निवासी सुनील कुमार रॉयचौधरी (96 वर्ष) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 जनवरी सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे डॉ. जे. रॉयचौधरी, डॉ. स्वाति एवं डॉ. सबरी के पिता थे।



### गुमानी देवी कोटड़िया

**रायपुर।** राजधानीवासी गुमानी देवी कोटड़िया (82) का 12 जनवरी को निधन हो गया। उनकी भावना अनुसार परिवारजनों ने उनका मेडिकल कालेज में देहदान किया। वे शैलेंद्र एवं भूपेंद्र कोटडिया की माता थीं।



### देवराव गजघाटे

**रायपुर।** बांसटाल निवासी देवराव गजघाटे का 12 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जनवरी को सुबह 11 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे हेमलता गजघाटे के पति और सूरज, आकाश व चंदर गजघाटे के पिता थे।

# ग्रामीण इलाकों में बढ़ने लगी मानसिक समस्या की शिकायतें, पीएचसी स्तर पर हो रहा इलाज

## बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ कर रहे मरीजों की काउंसिलिंग, दे रहे दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न कारणों से अब शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी मानसिक समस्या की शिकायत बढ़ने लगी है। पूर्व में जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इसकी काउंसिलिंग और उपचार की सुविधा दी जाती थी, जिसका स्तर अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक कर दिया गया है। बेंगलुरु से प्रशिक्षित सीएचओ मरीजों की स्क्रीनिंग और समस्या होने पर इलाज के साथ दवा भी दे रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मानसिक समस्या की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। इसकी वजह कई प्रकार की हो सकती है, जिसमें शारीरिक, पारिवारिक अथवा नशे की लत भी शामिल हो सकती है। पहले यह समस्या शहरी इलाकों में अधिक थी, मगर मानसिक तनाव की समस्या से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले भी घिरने लगे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अब मानसिक स्वास्थ्य पर स्क्रीनिंग, काउंसिलिंग और इलाज की व्यवस्था प्राथमिक स्तर पर भी देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए निमहंस बेंगलुरु की मदद से मनोचिकित्सक तथा सामुदायिक और प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्राथमिक स्तर पर काउंसिलिंग और उपचार करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। जिला मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी के मुतबिक रायपुर जिले के सामुदायिक के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी सप्ताह में अलग-अलग दिन के हिसाब से मानसिक स्वास्थ्य के मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया जा रहा है।

### अधूरी रह गई जमीन की तलाश

राजधानी में मानसिक समस्या से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए अलग से अस्पताल बनाने की योजना थी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर-निगम और जिला प्रशासन की मदद से जमीन की तलाश शुरू की गई थी। इसके लिए कुछ शासकीय अस्पतालों की रिक्त भूमि का भी अवलोकन किया गया था। इसी बीच राजधानी में बड़े अफसरों की जिम्मेदारी का फेरबदल हुआ और योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वर्तमान में राजधानी में मानसिक समस्या से संबंधित शिकायतें तो बढ़ रही हैं, मगर इसके उपचार के लिए पृथक से व्यवस्था नहीं हो पाई है।



### जिला अस्पताल में बेड की व्यवस्था

जानकारी के मुताबिक पहले जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में आने वाले मरीजों का इलाज ओपीडी के माध्यम से किया जाता था। कुछ समय पहले स्पर्श क्लीनिक का संचालन जिला अस्पताल के मुख्य भवन में शुरू किया गया और वहां आने वाले मानसिक तनाव के मरीजों को इलाज के लिए भर्ती करने दस बेड की व्यवस्था भी कई गई। प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर इलाज करने वाले चिकित्सकों को समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अस्पताल तक भेजने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दानी स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान गेट का दरवाजा खोला

# साढ़े चार साल बाद खुला बूढ़ा तालाब बायपास रोड, स्कूल-कॉलेज की छात्राओं को मिली राहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब से विवेकानंद सरोवर जाने वाले बायपास रोड को करीब साढ़े चार साल बाद खोल दिया गया। इस मार्ग को नगर निगम ने चौपाटी खोलने के लिए बंद कर रखा था। इसके कारण बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, डंगनिया, सुंदरनगर सहित आसपास के क्षेत्र में रहने वाली दानी गर्ल्स स्कूल, डिग्री गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रास्ता खोले जाने से छात्राओं को बड़ी राहत मिली है। उन्हें अब लंबा सफर तय कर कालीबाड़ी से घूमकर जाना नहीं पड़ेगा। बायपास रोड से छात्राएं कम समय में घर से स्कूल और स्कूल से घर पहुंच पाएंगी। स्कूल शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस पर दानी गर्ल्स स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दानी स्कूल के बच्चों से किया वादा भी पूरा किया। श्री अग्रवाल ने बूढ़ा तालाब से स्वामी विवेकानंद सरोवर की तरफ जाने वाले बायपास रास्ते को फिर से चालू किया। उन्होंने पिछले करीब साढ़े चार साल से बंद इस बायपास रास्ते की बाधा को दूर किया और अपने हाथों से गेट का ताला खोला। दानी स्कूल की छात्राएं काफी समय से स्कूल से बूढ़ा तालाब की तरफ रास्ते की मांग कर रही थीं। गेट का ताला खुलते ही छात्राओं में खुशी का माहौल छा गया। इस दौरान बच्चों ने जय-जयश्री राम के जमकर नारे भी लगाए।

### रविवार तक शेष बाधा भी कर दी जाएगी दूर

दानी गर्ल्स स्कूल के पीछे गेट का दरवाजा छात्राओं के लिए खोल दिया है, लेकिन इस मार्ग पर अभी भी काम चल रहा है। इस मार्ग पर दीवार खड़ी करने से लेकर चौपाटी के लिए जो निर्माण कार्य किए गए थे, उन्हें हटाने का काम अभी भी जारी है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि एक-दो दिन में काम खत्म हो जाएगा। संभवतः सोमवार से इस मार्ग पर आने-जाने में परेशानी नहीं होगी।

## दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या, तीन को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व दोपहिया से कट मारने के विवाद पर हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को आजीवन कारावास तथा डेढ़-डेढ़ हजार रुपए जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपियों को अतिरिक्त दो-दो वर्ष कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हिरेंद्र सिंह टेकाम एट्रोसिटीज की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक सांई किरण की हत्या के आरोप में कोर्ट ने रूद्र कुमार साहू उर्फ राहुल, योगेश भारती उर्फ सोनू चौहान तथा भूषण निषाद को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक बदमाशों ने 22 फरवरी 2020 को सांई किरण की चाकू से हमला कर हत्या की थी। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल सांई किरण की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई थी।



### गाड़ी ठीक से चलाने कहने पर चाकू मारा

मृतक के दोस्त तथा घटना के प्रत्यक्षदर्शी आयुश सिंह ने कोर्ट को बताया कि घटना दिनांक को वह सांई किरण के साथ उसकी दोपहिया पर सवार होकर निकला था। बाइक में सवार तीनों बदमाश रास्ते में कट मारते हुए निकले, तब आयुश ने उन्हें ठीक से बाइक चलाने के लिए कहा। इससे नाराज होकर बदमाशों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी। थोड़ी देर बाद बदमाशों ने आयुश तथा उसके एक अन्य साथी पर हमला किया, तब आयुश ने एक मोची की दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। इसके बाद बदमाशों ने सेलून में बाल कटा रहे सांई किरण की कमर में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल किया और मौके से फरार हो गए।

### *अवंती विहार मार्ग को अटल मार्ग घोषित करने की मांग*

*रायपुर। अवंती विहार व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी एवं महामंत्री किशोरचंद नायक ने बताया की राजधानी रायपुर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई की एकमात्र प्रतिमा अवंती विहार अटल चौक (एटीएम चौक) में व्यापारी संघ की ओर से स्थापित की गई है। श्री राठी ने कहा की अटलजी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता है, जिसके कारण आज हम अपने घर–दुकान–कार्यालय के पते पर अंत में /"छत्तीसगढ़/" लिख रहे हैं। उन्होंने ने कहा की अवंती विहार मुख्य मार्ग का नामकरण अटल मार्ग करने से छत्तीसगढ़ के युवाओं को अटलजी के बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिलेगी।*

# पुलिसकर्मियों को नए कानून का पाठ पढ़ाने आईजी, एसएसपी की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पाठशाला में पढ़ाने पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी के कानून के प्रध्यापक पहुंचे
- पाठशाला में पढ़ने 38 पुलिस अफसर पहुंचे

अंग्रेजों के समय से चले आ रहे डेढ़ सौ साल पुराने कानून की जगह नई भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। नए अपराधिक कानून को लेकर शुक्रवार को पुलिस अफसरों के साथ विवेचकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विवेचक, मददगार, टीआई सहित 38 पुलिस अफसर शामिल हुए। नए कानून की जानकारी देने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से कानून के प्रध्यापक भी पहुंचे। नए कानून संबंधित जानकारी देने कार्यशाला में रेंज आईजी आरएल डांगी, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल तथा पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से डॉ. वेणुधर रावतिया पहुंचे थे। पुलिस अफसर तथा प्रध्यापक ने पुलिस अफसर तथा कर्मियों को नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके सवालों का जवाब दिए। पुलिस अफसरों के मुताबिक पुलिस कर्मियों को नए कानून के तहत मामले की जांच करने तथा अपराध संबंधित धारा को लेकर किसी तरह से परेशानी न हो, इस बात को ध्यान में रखकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नए भारतीय अपराध कानून में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के बारे में पुलिस अफसर, टीआई तथा पुलिसकर्मियों को जानकारी दी गई।

# नगर निगम की 43 पानी टंकियों की दीवारों की होगी सफाई, डीडीनगर टंकी से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केमिकल स्प्रे से सफाई, वाल्व को किया साफ

नगर निगम का जल विभाग शहर में स्थित अपनी 43 पानी टंकियों की विशेष सफाई के लिए सफाई अभियान चला रहा है। इसकी शुरुआत गुरुवार को डीडी नगर स्थित पानी टंकी से हुई। 3200 किलोलीटर क्षमता वाली इस पानी टंकी की दीवारों की सफाई करवा कर उसकी दीवारों को केमिकल से कीटाणु मुक्त करने केमिकल स्प्रे कराया गया। इसके साथ ही टंकी की तली में जमी गाद को निकालने काम किया गया। राजधानी वासियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करने नगर निगम क्षेत्र की पानी टंकियों की सफाई का कार्य शुरू हो गया है। जोन 5 के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडी नगर पानी टंकी को साफ कराने मजदूरों की टीम उतारी गई। पानी टंकी की दीवारों को केमिकल से कीटाणुमुक्त करने वाल्व की कैमिकली स्प्रे से सफाई कराई। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, 1 दिन में एक पानी टंकी की सफाई पानी टंकी की तलछटी में जमी गाद को साफ करके सुबह के समय नियमित जल आपूर्ति की जाएगी। 43 पानी टंकियों को साफ करने 15 फरवरी तक का समय अनुबंधित एजेंसी को दिया गया है।



### गांड़ा समाज की ऐतिहासिक संस्कृति देश की धरोहर



**रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आरआर बाघ राजधानी पहुंचे, जिनका रायपुर के वकीलों ने स्टेशन रोड में उनका स्वागत किया। श्री बाघ, गांड़ा समाज की ऐतिहासिक संस्कृति को एक नई पहचान दिलाने के लिए ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में गांड़ा महोत्सव के आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। श्री बाघ ने कहा कि गांड़ा समाज की संस्कृति देश की धरोहर है, जिसे एक नई पहचान दिलाने के लिए हम गांड़ा महोत्सव का आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। इसे जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। अधिवक्ता बाघ के स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता भगवानू नायक, बिमला तांडी, आनंद मुगरी, पारस नायक आदि उपस्थित थे।




# परिवहन नहीं होने से उपार्जन केंद्रों में धान जाम, खरीदी व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी के लिये सोसायटियों के अधीन बनाये गये धान उपार्जन केन्द्रों से धान का प्रभावी परिवहन न होने से खरीदी व्यवस्था चरमराने लगी है। धान का उठाव न होने पर कई केन्द्रों में खरीदा ठप्प होने के कगार पर है। मंदिर हसौद सहकारी बैंक शाखा के अधीन आने वाले 7 केन्द्रों में ही लगभग 1 लाख 70 हजार कट्टा धान जाम है, जिसका मिलर्स को डीओ व विपणन संघ को टीओ जारी होने के बाद भी परिवहन की गति मंद है। धान खरीदी केन्द्रों का जायजा लेने के बाद किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने जानकारी दी है कि मंदिर हसौद सहकारी बैंक शाखा के अधीन आने वाले 7 धान खरीदी केन्द्रों में गुरुवार की स्थिति में लगभग 1 लाख 70 हजार कट्टा धान परिवहन के लिये शेष पड़ा था। जिसमें से गोढ़ी में लगभग 15 हजार कट्टा, गनौद में 35 हजार, टेकारी में 33 हजार, खुटेरी में 23 हजार, पलौद में 17 हजार, मंदिर हसौद में 15 हजार व बरौदा में 5 हजार कट्टा धान जाम पड़ा है।

## केंद्रों में लगभग 1 लाख 70 हजार कट्टा धान जाम



### सुनिश्चित व्यवस्था करने की आवश्यकता

इसकी वजह से छोटे फड़ वाले केन्द्रों में अविलंब उठाव न होने की स्थिति में धान खरीदी ठप्प होने के कगार पर है और किसानों के दबाव के चलते ऐसे खरीदी केन्द्रों के प्रभारी काफी दबाव व परेशानी में हैं। मिलर्स को इस जाम धान के उठाव के लिये डीओ व विपणन संघ को टीओ जारी होने के बाद भी प्रभावी परिवहन न होने की जानकारी देते हुये उन्होंने कहा है कि शासन–प्रशासन को अविलंब इस दिशा में कारगर कदम उठा धान खरीदी ठप्प न होने की सुनिश्चित व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा का भव्य स्वागत



**सिलयारी।** ग्राम बरतोरी में अयोध्या से आए कलश यात्रा का ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर जय श्री राम के नारे के साथ भव्य स्वागत किया। जिसमें 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा किए जा रहे। भगवान श्री राम के स्थापना के दिन दिवाली मनाने हेतु आमंत्रण समस्त ग्रामवासी को दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासी द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जिसमें ग्राम समस्त मंडली समूह भाग लिया। जिसमें प्रमुख रूप से अक्षत कलश यात्रा प्रभारी मंडल बंगोली श्री अनिल नायक, सह प्रभारी उपाध्यक्ष युवा मोर्चाखरोरा दुर्गेश चंदेल सहित गांव के राम भक्त की उपस्थिति रही।

### शिशु नगरी कार्यक्रम आज

**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल आरंग में 13 जनवरी को शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। संस्था की प्राचार्य नितेश्वरी लोधी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा अरुण से पंचम तक के भैया–बहन इसमें भाग लेंगे। इसमें भैया–बहनों का खेल, रंगमंचीय कार्यक्रम व शिशु वाटिका दर्शन कार्यक्रम एवं माताओं के लिए फुगड़ी, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी रखी गई है। कार्यक्रम में पद्मिनी साहू तथा आशा साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगी तथा माताओ और बच्चो का उत्साहवर्धन करेंगी।

### विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने : आचार्य

**तिल्दा–नेवरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में विवेकानंद जयंती मनाई गई। युवा दिवस के अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा विद्यालय से लेकर गांधी चौक, सुभाष चौक, कविता फोटो स्टूडियो होते पुनः विद्यालय तक रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य वासुदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य राजकुमार ताती, मनीष कुमार पटेल, प्यारेलाल वर्मा ने मां भारती, मां सरस्वती, ओमकार के समक्ष दीप प्रज्वलंकर किया। आचार्य मनीष कुमार पटेल ने विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला। आचार्य राजकुमार ताती ने विवेकानंद की जयंती के अवसर पर गीत प्रस्तुत किया एवं उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही।

### विधायक का सरपंच ने किया सम्मान

**अभनपुर।** सरपंच संघ, जनपद पंचायत व जिला पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में विधानसभा अभनपुर के नवनिर्वाचित विधायक इन्द्रकुमार साहू का सम्मान समारोह का आयोजन जनपद पंचायत परिसर में 11 जनवरी गुरूवार को आयोजित किया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत के सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने आह्वान किया है।

## निधन

### भरथरी वर्मा

**आरंग।** ग्राम टेकारी कुंडा निवासी 80 वर्षीय भरथरी वर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गजानंद व पुनेश्वर वर्मा के पिता थे।



### समस्या: सड़कों पर ट्रकों का बेजा कब्जा,जनता की सेहत से हो रहा खिलवाड़

# औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा व मांढर की सड़कों पर काली डस्ट की चादर

हरिभूमि ▶▶| धरसींवा

अलग खबर

औद्योगिक नगरी कहां जाने वाला सिलतरा इन दिनों प्रदूषण और स्पंज आयरन की काली धुंए को लेकर अक्सर सुर्खियों में बना रहता है। जिम्मेदार कंपनी प्रबंधन सेल्फ अपने उत्पादन को लेकर ही सक्रिय दिखाई पड़ता है। क्षेत्र में दिनों दिन हो रहे प्रदूषण के ग्राफ में बढ़ोतरी को लेकर आसपास के ग्राम वासियों का जीना दूभर होता जा रहा है। परंतु कंपनी प्रबंधन सहित प्रदूषण विभाग से संबंध रखने वाले जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर आम जनता हमेशा से सवालिया निशान खड़ी करती रही है। बजाय प्रदूषण की रोकथाम के महज कोरम पूर्ति कर मामले की खानापूर्ति कर दी जाती है। वहीं इन उद्योगों को जिम्मेदार विभागों के अलावा इसे राजनीतिक सरक्षण भी प्राप्त है। विगत 24 वर्ष पूर्व सिलतरा क्षेत्र में उद्योगों का जन्म हुआ था जंहा आज तक क्षेत्र की रहवासियों को प्रदूषण से मुक्ति नही मिल पाई है बल्कि यंहा पर बताना लाजमी होगा कि जब जब सरकार बदली तब तब जनता की उम्मीद बढ़ती गई कि ये सरकार जरूर प्रदूषण से मुक्ति दिलाएगी मगर यंहा भी जनता को दोहरी मार झेलनी पड़ी और अगर आज देखा जाय तो सिलतरा उद्योग नगर अफसरों और राजनीतिक दलों के चारागाह बन कर् रहा गया है।




### टाढ़ा से मांढर तक सड़कों पर काली डस्ट

शुक्रवार की लेटेस्ट रिपोर्ट और मौका मुआयना देखे तो ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से टाढ़ा होते हुए अगर आप मांढर के रास्ते जा रहे है तो सावधान हो जाये। आमतौर पर टाढ़ा की तरफ यात्रा करने वाले राहगीरों सहित मांढर क्षेत्र के रहने वाले रहवासियों का जीना दुश्वार होता जा रहा है। दरअसल इसके पीछे की प्रमुख वजह है कल कारखानों से निकलने वाले काली डस्ट को सड़कों पर ही बिछाया गया है। वहीं कारखानों से निकलने वाली सैकड़ों ट्रको को सड़क किनारे खड़ी किया जाता है साथ ही फैक्ट्री से निकलने वाला कोयला और आयरन से निकलने वाले इस कोयले को जब सड़क के माध्यम से परिवहन कर खदानों से ले जाकर रेलवे यार्ड में भंडारित किया जाता है एवं हवा के झोंकों के साथ में कोयले के यह करण हवा में मिलकर आसपास के क्षेत्र में लोगों के लिए मुसीबत पैदा करते हैं।

### वायु, जल एवं मृदा भी प्रदूषित

औद्योगिक नगरी सिलतरा दिनों दिन बढ़ते प्रदूषण में प्रदूषण के कारण जैसे वायु जल एवं मृदा लगातार तेजी से प्रदूषित होती जा रही है एवं बढ़ते प्रदूषण से इत्तेफाक नहीं रखने वाले संबंधित विभाग बढ़ते प्रदूषण कारकों पर नियंत्रण करने का प्रयास या कोई ठोस कदम भी नहीं उठाते हैं। कई क्षेत्र में जल एवं मृदा प्रदूषण अब तेजी से समस्या बनते जा रहे हैं, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक हमेशा से सुर्खियां बटोर रहे हैं। अधिकतर मायने में लोग राजधानी के आसपास की आबोहवा को ही सिर्फ प्रदूषित मानते हैं। जबकि वास्तविकता तो यह है कि सिलतरा में प्रदूषण वायु सहित जल एवं मृदा को भी अपनी चपेट में ले रखा है। तेजी से सिलतरा, मुरेठी, टाढा,धरसींवा सहित आसपास की मृदा जल एवं वायु को प्रदूषण अपने आगोश में लेता जा रहा है ऐसे में आने वाले दिनों में धरसींवा को भयावह स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

### सरकार और जिला प्रशासन की मेहरबानी से बढ़ी समस्या

अपने झूठे वादों और ग्रीन जोन के सपने दिखाने वाले ये उद्योगों पर आखिर जिला प्रशासन कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठा रहे है। धरसींवा सहित राजधानी तक अपनी छाप छोड़ रहे। इस प्रदूषण के ग्राफ से सिलतरा और धरसींवा के ही स्थानीय कंपनियों के नुमाइंदे सहित क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी संबंधित मामले को लेकर किसी तरह से हरकत में दिखाई पड़ते नजर नहीं आते हैं। कंपनियों को इस तरह से बेलगाम छोड़ने की वजह एवं कंपनियों के ऊपर हो रही इस मेहरबानी के बारे में जिम्मेदार ही बता सकते हैं। सिलतरा का प्रदूषण आए दिन क्षेत्र के प्रमुख अखबारों की सुर्खियों में बना रहता है। परंतु इस पूरे मामले में अभी तक किसी भी तरह के ठोस कदम होते नजर नहीं आ रहे हैं।

# आरंग को मिला राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

स्वच्छता के क्षेत्र में आरंग नगर पालिका को राष्ट्रीय स्तर पर ईस्ट जोन में सबसे स्वच्छ शहर का अवार्ड मिला है। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रलय द्वारा आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित स्वच्छता अवार्ड सेरेमनी में यह अवार्ड नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, सीएमओ होरी सिंह ठाकुर, इंजीनियर पोषण साहू और स्वच्छता दीदी आशा जलक्षत्री को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि 15 से 20 हजार की जनसंख्या वाले शहर ईस्ट जोन में आरंग नगर प्रथम स्थान पर रहा। पूरे भारत में 66वां स्थान प्राप्त किया है। वही स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में छत्तीसगढ़ को तृतीय पुरस्कार मिला है। नपाध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर व सीएमओ होरी सिंह ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए इस असाधारण उपलब्धि का श्रेय समस्त नगरवासियों, सफाई कर्मचारियों, पार्षदगण व सभी सामाजिक संगठनों व मीडिया को देते हुए कहा हम सभी को स्वच्छता को अपने आचरण में अपनाने की आवश्यकता है। वहीं इस उपलब्धि पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब समस्त पार्षदगण सहित विभिन्न समाजों में हर्ष की लहर है।

# आरंग महाविद्यालय में रासेयो इकाई ने मनाया युवा दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय आरंग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रसंत युग प्रवर्तक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरक पुरूष स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। अतिथि वक्ता के रूप में प्रो. पीयूष टांडेय, प्रो. ज्ञानेश शुक्ला, प्रो. डॉ. एलपी शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही यह भी बताया कि किस प्रकार स्वामी जी के आदर्शों पर चलकर स्वयं व्यक्तित्व का विकास करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एचएल वर्मा द्वारा उद्बोधन के साथ विभिन्न गतिविधि रंगोली, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन के विजेता छात्र–छात्राओं को मोमेन्टों एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

# नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए प्रशासन सक्रिय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को तहसीलदार राम मूर्ति दीवान के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु शासकीय बद्री प्रसाद कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय तथा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र आरंग में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर वोटर्स हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से 18 वर्ष पूर्ण कर रहे विद्यार्थियों को ऑनलाइन एंट्री की गई तथा तहसीलदार दीवान ने कहा कि मतदान केवल हमारा कर्तव्य ही नहीं अपितु अधिकार भी है। अतः युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय में यह ऑनलाइन अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही बीएलओ एवं अविहित अधिकारियों के माध्यम से 06 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने काटने संशोधन की प्रक्रिया भी जारी है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल, अरविंद कुमार वैष्णव व सीमा भांडेकर ने युवाओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत–प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक भी किया। इस अभियान में राकेश साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहन गायकवाड, विजय गायकवाड, दौलत राम साहू, रविंद्र शर्मा, कॉलेज प्राचार्य के.एन. शर्मा, आईटीआई प्राचार्य होमन राम नागरे, सहायक प्राध्यापक डॉ.एल.पी. शर्मा व ज्ञानेश शुक्ला अतिथि व्याख्याता सुरभि गुप्ता आदि एवं युवा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# अधिकांश गांव विकास के मामले में पीछे : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



सरपंच से विधायक बनने के उपरांत प्रथम बार जनपद पंचायत आगमन पर नवनिर्वाचित विधायक इन्द्रकुमार साहू का जनपद कार्यालय प्रांगण मे जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियो द्वारा लड्डू से तौलकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वागत की भव्य तैयारी की गई थी विधायक को विश्राम गृह से ढ़ोल नगाड़े के साथ जनपद कार्यालय तक पैदल रैली के रूप मे ले जाया गया जहां मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि इस जनपद पंचायत मे पिछले कई वर्षो से कर्मचारियों के साथ परिवार की तरह अपने गांव व क्षेत्र का विकास करते आ रहा हूं। सौभाग्य की बात है कि आपके बीच में रहने वाला व्यक्ति को जनता जनार्दन ने क्षेत्र की सेवा करने के लिए विधायक पद का आशीर्वाद दिया है। लेकिन हमारा राजनैतिक सफर पंच से शुरूवात हुआ है। पंचायती राज में गांव का विकास कैसे होना चाहिए। इसकी परिकल्पना मेरे मन में है। चुनाव के दौरान क्षेत्र के 123 गांव दो नगर पालिका में घर- घर संपर्क के दौरान मुझे आभास हुआ कि अधिकांश गांव विकास के मामले में काफी पीछे है। आज पंचायती राज के माध्यम से सुधार कर सकते हैं। हमारे पास 15वें वित्त की राशि आती है खासतौर पे अनुसूचित जनजाति बाहुल्य गांव मे प्रधानमंत्री आदर्श गांव योजना के तहत 1-1 करोड़ रूपये ग्राम पंचायतो को जारी किया जाता है लेकिन इसका सही उपयोग नही हो रहा है। इस अवसर पर जपं. अध्यक्ष देवनंदनी साहू, उपाध्यक्ष राजू बारले, जिपं.सदस्य खेमराज कोसले, मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, भरत बैस, जनपद सभापति जितेन्द्र बंजारे, सरपंच मुकेश ढीढी, बसंत कोसले, सावित्री पाल, वरूण राठी, राजेश साहू, सूरज साहू, वेदव्यास तारक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## आम सूचना

**वाके मौजा- माना, प.ह.नं. 80, रा.नि.मं. रायपुर - 18 - कान्दुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि 01. 1654/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर, 02. 1655/3 रकबा 0.0290 हेक्टेयर, 03. 1662 रकबा 0.1380 हेक्टेयर, 04. 1663 रकबा 0.0890 हेक्टेयर 05. 1664 रकबा 0.1700 हेक्टेयर भूमि के संबंध में ।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा क्रेतागण 01. श्री जसवंत कुमार बैस, उम्र 34 वर्ष 02. कृतिका बैस 03. पूजा बैस, तीनों पिता स्व. श्री संतोष कुमार बैस 04 श्रीमती यमुना बैस, पति स्व. श्री संतोष कुमार बैस सभी निवासी- एच.एन. 65. रंगमंच पारा, तूता, बिल्ल-तुता, उपरवारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा माना, प.ह.नं. 80, रा.नि.मं. रायपुर - 18 - कान्दुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि 01. 1654/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर, 02 1655/3 रकबा 0.0290 हेक्टेयर, 03. 1662 रकबा 0.1380 हेक्टेयर, 04 1663 रकबा 0.0890 हेक्टेयर 05. 1664 रकबा 0.1700 हेक्टेयर कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.7620 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 05 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा ।

सो सूचना जानें।

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 12.01.2024

भूपेन्द्र सिंह (अधिवक्ता)
पता-कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.)
Mob.: 98935-43048

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. भनमती टंडन, 2. जाना बाई टंडन, 3. राजकुमारी बंजारे, पिता श्री सूरजभान 4. संतरीन बंजारे, पति श्री विषय लाल बंजारे निवासी निमोरा धरसींवा छ.ग. वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. 357/13, रकबा 0.303 हेक्टेयर भूमि जो वाके मौजा ग्राम निमोरा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. धरसीवा तहसील व जिला रायपुर छ.ग को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त सौदे एवं सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित सुंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक
स्थान-रायपुर

भवदीय
भावना साहू
अधिवक्ता
पता- अमृत संदेश काम्पलेक्स रायपुर छ.ग.
मो. नं. 87705 05775, 97136 38885

## विक्रय इकरारनामा निरस्ती की आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विक्रेता मनहरण लाल साहू पिता श्री दुकालू राम साहू निवासी-झंडा चौक लक्ष्मीनगर, रिंग रोड नंबर-01 रायपुर छ.ग. ने ग्राम- कोलर प.ह.नं. 0004 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर-134/35 का भाग रकबा 0.109 हे. भूमि अर्थात 11713 वर्गफुट भूमि को क्रेता श्री प्रवीण मुनोत जैन पिता श्री पारस चंद जैन निवासी-एस 07 प्रियदर्शिनी नगर रायपुर छ.ग. के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर दिनांक-26/09/2023 को विक्रय इकरारनामा का निष्पादन किया था, चूँकि दोनो पक्षो की आपसी सहमति से उक्त सौदा निरस्त होकर इकरारनामा में वर्णित शर्ते निष्प्रभावी हो चुकी है।

अतएव उपरोक्त भूमि को मेरा पक्षकार अन्यत्र विक्रय करने एवं हस्तातरित करने के लिए स्वतंत्र है इसलिए अब क्रेता यदि उक्त भूमि के संबंध मे भविष्य मे किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद, उजर-दावा या आपत्ति करता है वह इस आम सूचना के समक्ष अविधिक एवं शून्यकरणीय होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 12/01/2024

भवदीय
एस.एस. चंदेल
(अधिवक्ता)
पता - सांई एडवांस हॉस्पिटल के पास कृष्णानगर रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
मो. नं. 94255-19873

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 19/12/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना प.ह.न.-80 रा.नि.मं.- रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदक रविन्द्र यादव पिता कुबेर प्रसाद यादव नि. लाभांडी, रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 329/1 शामिल 255/2, 260/2, रकबा 0.280 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- अ-12 वर्ष - 2023/24 आदेश दिनांक- 14-12-23 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक- 22-01-24 को समय 11:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन / बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी । सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.

तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम में जुटेंगे देश के दिग्गज नेता


## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और उप्र के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की विधानसभा में 20 और 21 जनवरी को प्रबोधन कार्यक्रम होगा। इसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा उप्र के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी आएंगे। इनका छत्तीसगढ़ के विधायकों को मार्गदर्शन मिलेगा। देश के इन दिग्गज नेताओं को आमंत्रित करने का काम छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया है। प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है। इस सरकार का पांच फरवरी से विधानसभा में बजट सत्र होने वाला है। इसके पहले यहां पर विधानसभा में प्रबोधन कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में देश के दिग्गजों को बुलाने का काम किया गया है। विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिल्ली का दौरा करके एक दिन पहले ही दिल्ली में सबसे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सौजन्य मुलाकात कर उनसे आत्मीय संवाद किया। इस मुलाकात के दौरान डॉ. रमन ने उपराष्ट्रपति को छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। उपराष्ट्रपति ने 20 जनवरी को आने की सहमति दी है। डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की और उनको भी प्रबोधन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। श्री शाह ने 21 जनवरी को आने की सहमति दी है। इसी के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उप्र के विधानसभा अध्यक्ष भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सत्रों में विधानसभा सदस्यों को संसदीय नियमों, परंपराओं और सदन के सत्र संचालन की गतिविधियों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही नए विधायकों की जो भी जिज्ञासाएं होंगी, उनका भी समाधान इस प्रबोधन कार्यक्रम के दौरान किया जाएगा। अतिथियों की प्रदेश के सभी मंत्रियों और विधायकों के साथ मुलाकात और परिचय होगा।

### 38 नए विधायक

छत्तीसगढ़ विधानसभा में पहली बार 38 नए विधायक चुनकर सदन में पहुंचे हैं। इनमें से भाजपा के 28 और कांग्रेस के 10 विधायक हैं। भाजपा और कांग्रेस ने इस बार विधानसभा चुनाव में कुल मिलाकर 78 नए चेहरों को मौका दिया था। इसमें से भाजपा ने 48 नए चेहरों और कांग्रेस ने 30 नए नेताओं को चुनाव लड़वाया था।



केंद्र सरकार की वादाखिलाफी को लेकर जाएंगे जनता के बीच

# लोकसभा चुनाव पर बनी कांग्रेस की रणनीति
# पायलट बोले- महंगाई-बेरोजगारी होगा बड़ा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के राजीव भवन में कांग्रेस की लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव समिति बैठक में रणनीति तय की गई। बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, लोकसभा में बेरोजगारी और महंगाई बड़ा मुद्दा होगा। केंद्र सरकार ने हर वर्ग को छलने का काम किया है। हर वर्ग महंगाई से परेशान है। छत्तीसगढ़ में पहले से कहीं ज्यादा बेहतर परफॉर्मेंस करेंगे। छत्तीसगढ़ की जनता बहुत समझदार है। यहां पर लोकसभा का परिणाम हमारे पक्ष में ज्यादा अच्छा रहेगा।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद यहां पर प्रदेश प्रभारी का जिम्मा कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान के सचिन पायलट को दिया है। उनका यहां पर प्रभारी बनने के बाद पहली बार आगमन हुआ है। वे यहां पर लगातार बैठकें ले रहे हैं। शुक्रवार को राजीव भवन में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस को इस बार पहले से ज्यादा सीटें दिलाने पर रणनीति बनाई गई। इसको लेकर क्या करना है, इस पर मंथन किया गया। जहां पर कांग्रेस कमजोर है, वहां पर ज्यादा फोकस करते हुए मेहनत करने की रणनीति बनाई गई है।



### रणनीति पर किया मंथन : पायलट

*बैठक के बाद श्री पायलट ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, लोकसभा चुनाव में हमारी रणनीति क्या होगी, चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया क्या होगी, उसे लेकर विस्तार से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता सभी लोग इस बात पर एकमत है कि 10 साल से भाजपा की केंद्र में सरकार, उसके रिपोर्ट कार्ड के आधार पर हम जनता के बीच में जाएंगे। भाजपा ने देश की जनता के साथ धोखा किया है। भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। देश में महंगाई बेलगाम है। इस पर अंकुश लगाने में भाजपा असफल है। पेट्रोल और डीजल के दाम कच्चे तेल की कीमत कम होने के बाद भी कम नहीं किए जा रहे हैं।*

### भाजपा ने हर वर्ग को ठगा

*श्री पायलट ने कहा, भाजपा की केंद्र सरकार ने किसानों, दलितों, आदिवासियों, नौजवानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं सबको ठगने का काम किया है। बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई बड़े मुद्दे हैं। श्री पायलट ने कहा, नौजवान ठगा हुआ महसूस कर रहा है। आजाद भारत के इतिहास में सबसे ज्यादा बेरोजगारी देश में आज है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देशभर में जो माहौल बना है, 10 सालों में उसे जनता के बीच लेकर जाएंगे। भारत का मतदाता बहुत समझदार और संवेदनशील है। जनता सरकार का आकलन करेगी रिपोर्ट कार्ड देखेगी, जो कांग्रेस की सरकार 10 साल पहले थी उसकी तुलना कर मतदाता वोट करेगा। हमें पूरा विश्वास है कि हम लोग अच्छा परफॉर्मेंस करेंगे। जल्द से जल्द चुनाव अभियान और प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया जाएगा।*

### भाजपा पर भरोसा नहीं

विधानसभा में हार के बाद से छत्तीसगढ़ में लोकसभा में जीत कैसे होगी के सवाल पर श्री पायलट ने कहा, भाजपा पर जनता को भरोसा नहीं है। जनता कांग्रेस पर भरोसा करेगी। छत्तीसगढ़ के लोग संवेदनशील हैं, समझदार लोग हैं। सब जानते हैं। हमारी सरकार 5 साल रही, जो पॉलिसी बनाई गई, जो योजनाएं बनाई गईं, उसे पसंद किया गया। भाजपा ने दुष्प्रचार किया, जो वादे करके सत्ता में आए हैं, उसको कैसे पूरा करेंगे, जनता सवाल पूछ रही है। कांग्रेस में अंतर्कलह को लेकर श्री पायलट ने कहा कि हर दल, हर पार्टी, हर परिवार में किसी बिंदु पर मतभेद हो सकता है, लेकिन मनभेद कहीं नहीं है।

### पायलट की नसीहत- एकजुट होकर करें काम

बैठक में श्री पायलट सभी नेताओं को एकजुट होकर काम करने की नसीहत दी। उन्होंने तेरा-मेरा से हटकर लोकसभा में जीत के लिए काम करने के लिए कहा। सभी वरिष्ठ नेताओं ने बारी-बारी से लोकसभा में कांग्रेस की जीत को लेकर सुझाव दिए। एक पूर्व मंत्री ने कहा, लोकसभा चुनाव से पहले संगठन में नई नियुक्ति होनी चाहिए। एक पूर्व मंत्री ने कहा, जाति समीकरण से हटकर भी पार्टी में फैसला लेने की जरूरत है। जीतने वालों को ही लोकसभा का टिकट दिया जाना चाहिए। इसी तरह और अन्य पदाधिकारियों ने राम मंदिर के मुद्दे पर भी पार्टी की ओर से काउंटर या एक लाइन की जरूरत बताई। श्री पायलट ने कहा, मेरा व्यक्तिगत मानना है कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा अवसर दिया जाना चाहिए। वरिष्ठ नेताओं की सहमति से टिकट देंगे, लेकिन नेताओं की इच्छा शक्ति और कार्यकर्ताओं के उत्साह से ही जीत मिलेगी।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व मंत्री मो. अकबर, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व कार्य.प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ला, एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय, एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार उपस्थित थे।

## शुक्ला बोले- हर साल 60 लाख को कराएं रामलला के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में वायदा किया था छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को रामलला के दर्शन कराएंगे। मंत्रिमंडल में निर्णय लिया गया है कि 1 साल में सिर्फ 20 हजार लोगों को दर्शन करायेंगे। इस निर्णय के अनुसार भाजपा की सरकार अपने पूरे कार्यकाल में आने वाले 5 साल में मात्र 1 लाख लोगों को दर्शन कराएगी। छत्तीसगढ़ की पौने 3 करोड़ आबादी है। हर साल 20 हजार के अनुसार पूरी आबादी को रामलला का दर्शन कराने में 1500 साल लगेंगे। श्री शुक्ला ने कहा, महतारी वंदन के नाम पर महिलाओं का वोट हासिल किया, अब महिलाओं को पैसे नहीं दिए, किसानों को धान की कीमत 3100 रुपए देने और एकमुश्त भुगतान का वायदा किया था, धान खरीदी का अंतिम दौर आ गया, लेकिन अभी तक धान के भुगतान का कोई निर्णय नहीं, 500 रुपए में सिलेंडर भी भाजपा सरकार भूल गई। श्री शुक्ला ने मांग की कि प्रतिवर्ष कम से कम 60 लाख लोगों को रामलला के दर्शन की योजना बनाई जाए, ताकि पांच सालों में सभी लोग दर्शन कर पाएं।

## खबर संक्षेप

### बैज ने किया कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी का अनुमोदन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कुछ जिला, शहर कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी का अनुमोदन किया है। जिला कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव द्वारा अनुमोदित सूची पर पीसीसी की मुहर लगी है। इसी प्रकार गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के अध्यक्ष उत्तम वासुदेव द्वारा प्रस्तावित कार्यकारिणी को अनुमोदित किया गया है। इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर दीपक टंडन की नियुक्ति का आदेश पीसीसी ने जारी किया है। लव साहू को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसींवा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा से मोदी सरकार डर रही

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा, मणिपुर सरकार ने इम्फाल में यात्रा की शुरुआत के लिए पहले तो अनुमति देने से मना किया, जब अनुमति दी भी गई, तो उसमें शर्तें लगा दी गईं, यह मोदी सरकार का अलोकतांत्रिक चरित्र है। मोदी सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। वह नहीं चाहती कि देश की जनता की महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ एकजुट हो, इसीलिए राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा करने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है। मोदी सरकार कुछ भी कर ले, लेकिन भारत के लोगों की आवाज न दबेगी, न रुकेगी। श्री बैज ने कहा, देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्र, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुए लोग राजनीति कर रहे हैं, वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है।

### तीन अफसरों को अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** राज्य शासन ने तीन आईएएस अफसरों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। डॉ. कमल प्रीत सिंह को प्रबंध संचालक छग रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यशवंत कुमार को सचिव ग्रामोद्योग विभाग का तथा अविनाश मिश्रा को प्रबंध संचालक स्मार्ट सिटी रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### ऑनलाइन स्व-पंजीयन का कार्य प्रगति पर

**रायपुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत शासन की आरटीआई ऑनलाइन वेबपोर्टल में स्व-पंजीयन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार अब तक 8 हजार 500 से अधिक जनसूचना अधिकारी एवं 5 हजार 490 से अधिक प्रथम अपीलीय अधिकारी ऑनबोर्डिंग हो चुके हैं। राज्य सूचना आयोग ने राज्य के ऐसे सभी जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों से कहा है कि जिन्होंने आरटीई पोर्टल में स्व-पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण नहीं की है, वे जल्द से जल्द इसे पूर्ण कर लें। आरटीआई पोर्टल में जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के स्व-पंजीयन करने के विषय पर राज्य सूचना आयोग के द्वारा अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

## प्राण प्रतिष्ठा पर राममय होगा छत्तीसगढ़ मंदिरों में रामधुन के साथ भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन पूरे छत्तीसगढ़ को राम मय करने की तैयारी है। प्रदेशभर की मानस मंडलियों के आयोजन भी तय किए गए हैं। मंदिरों में ये मंडलिया राम धुन के साथ राम के भजनों का गायन करेंगी। इसके लिए हर मंडली को पांच-पांच हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।



छत्तीसगढ़ के धर्मस्व, संस्कृति, शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अयोध्या में आयोजित रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव पर छत्तीसगढ़ में भी भव्य एवं वृहद रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश विभाग को दिए हैं। इस संबंध में कार्ययोजना बनाकर राज्य के सभी कलेक्टर को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन राज्यभर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन तीन स्तरों में संभागीय, जिला एवं विकासखंड स्तर पर होगा। आयोजन में मानस मंडलियों को जोड़ा जाना है। लगभग 4700 मानस मडलियां हैं। इन सभी को प्रोत्साहन स्वरूप पांच-पांच हजार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### हर विकासखंड के मंदिर में कार्यक्रम

*प्रत्येक विकासखंड में कम से कम एक मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान एवं लाइटिंग व्यवस्था की जाएगी। मंदिर प्रांगण में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर क्षेत्र की पांच मानस मंडलियों के मानस गायन का आयोजन किया जाएगा। उसी तरह प्रत्येक संभाग एवं जिला मुख्यालयों में भी कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर तय कर वहां भी कार्यक्रम होंगे। विकासखंड स्तर पर आवश्यक कार्यक्रम व्यवस्था के लिए राशि 25 हजार प्रत्येक विकासखंड में पंजीकृत पांच मानस गायन दलों के लिए प्रोत्साहन राशि पांच हजार के मान से, संभाग स्तरीय कार्यक्रम आयोजन के लिए राशि एक लाख लाख रुपए के मान से तथा संभाग मुख्यालय में पंजीकृत प्रत्येक संभाग से 5-5 मानस गायन दलों के लिए प्रोत्साहन राशि पांच हजार रुपए के मान से प्रदान की जाएगी।*

## अब कांग्रेस ने लगाया पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीजीपीएससी की परीक्षा में अब कांग्रेस ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं से जवाब मांगा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, भाजपा बताए, सीजीपीएससी के सिविल जज की परीक्षा में एक मंत्री और भाजपा नेत्री के रिश्तेदार एवं अधिकारियों के बच्चों का चयन होना भी घोटाला है।

- **कांग्रेस ने कहा- भाजपा नेता, अधिकारियों के बच्चों के चयन पर युवाओं को दे भाजपा जवाब**

भाजपा को सीजीपीएससी की परीक्षा में नेताओं एवं अधिकारियों के बच्चों के चयन होने पर आपत्ति थी। विपक्ष में रहते भाजपा ने सीजीपीएससी की पारदर्शिता पर सवाल उठाए थे और युवाओं को भड़काने के लिए झूठे आरोप लगाकर आंदोलन किया था, आज वही भाजपा अपने नेताओं की भतीजी, पुत्री के चयन पर मौन क्यों है। श्री ठाकुर ने कहा, अब भाजपा को प्रदेश के युवाओं को भाजपा नेताओं के बच्चों के चयन पर जवाब देना चाहिए। भाजपा नेताओं में नैतिकता नाम की चीज है, तो वो सीजीपीएससी की परीक्षा में पूर्व में चयनित उम्मीदवारों से एवं प्रदेश के युवाओं से माफी मांगे या सीजीपीएससी के जज के परिणाम को भी सीबीआई को सौंप कर जांच करने की हिम्मत दिखाए। श्री ठाकुर ने कहा, भाजपा का काम निम्न स्तरीय राजनीति करना है। कांग्रेस सीजीपीएससी में चयनित बच्चों की योग्यता पर कोई शंका जाहिर नहीं कर रही है। ना ही हम चयनित उम्मीदवारों के हौसला को तोड़ रहे, बल्कि प्रदेश के युवाओं को जिन्हें भाजपा ने भड़काया था, उन युवाओं के आगे भाजपा नेताओं की उस नफरत वाली राजनीति का पर्दाफाश कर रहे हैं।

## सांसद सोनी बोले- छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा के साथ, मुगालते में है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के सांसद सुनील सोनी ने कहा, कांग्रेस की सोच आज भी राष्ट्रविरोधी, धर्मविरोधी और सनातन विरोधी है। पहले वह यह सोच बदले, फिर जनता के बीच जाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट लाख दावे कर लें कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में बेहतर प्रदर्शन करेगी। पायलट और कांग्रेस मुगालते में हैं। छत्तीसगढ़ की जनता अब पूरी तरह भाजपा के साथ खड़ी है और कांग्रेस अपने राजनीतिक वजूद को वेंटीलेटर पर जाने से नहीं रोक पाएगी।

श्री सोनी ने कहा, प्रदेश में भारी हार के बाद भी अगर कांग्रेस प्रभारी पायलट कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की तारीफ कर रहे हैं तो इस पर सिर्फ इतना ही कहा जा सकता है कि दिल बहलाने को गालिब खयाल अच्छा है। श्री सोनी ने कहा, भ्रष्टाचार में आकंठ डूबकर प्रदेश के खजाने की लूट-खसोट में लगी कांग्रेस सरकार को जनता ने उखाड़ फेंका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके नेतृत्व



- **पायलट लाख कोशिश कर लें, भाजपा सभी 11 सीटें जीतेगी**

वाली केंद्र सरकार तथा मोदी की गारंटी पर पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा पर विश्वास जताया है। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 11 सीटों पर कमल खिलाने के लिए संकल्पित है। श्री सोनी ने कहा, भाजपा की प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी पर तेजी से अमल करना शुरू कर दिया है और पायलट इस फिक्र में कतई दुबले न हों कि भाजपा की प्रदेश सरकार अपने संकल्पों को कैसे पूरा करेगी।

### कांग्रेस में चहुंओर हाहाकार का आलम

*श्री सोनी ने कांग्रेस की अंतर्कलह को महज मतभेद बताने और मनभेद नहीं होने के पायलट के दावे पर कहा, जिस तरह की सिर-फुटौव्वल कांग्रेस में चल रही है, उसे महज मतभेद बताकर कांग्रेस प्रभारी शुतुरमुर्ग की तरह सच्चाई से मुंह छिपा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस में चहुंओर हाहाकार का आलम है और अगर कांग्रेस इसे मनभेद नहीं मान रही है तो कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति यही है। श्री सोनी ने कहा कि जिन लोगों को अपनी हार की समीक्षा करके उससे सबक लेना था, वे कांग्रेसी आपसी जूतम-पैजार में लगे हैं। आरोप-प्रत्यारोप से लेकर इस्तीफों और निष्कासन का जैसा दौर कांग्रेस में हाल के दिनों में चला है, उससे यह तो साफ है कि कांग्रेस जनादेश के मर्म को समझने को तैयार ही नहीं है।*


**आम सूचना**

**वाके मौजा- माना, प.ह.नं. 80, रा.नि.मं. रायपुर - 18 - कान्दुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि 01. 1654/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर, 02. 1655/3 रकबा 0.0290 हेक्टेयर, 03. 1662 रकबा 0.1380 हेक्टेयर, 04. 1663 रकबा 0.0890 हेक्टेयर 05. 1664 रकबा 0.1700 हेक्टेयर भूमि के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा क्रेतागण 01. श्री जसवंत कुमार बैस, उम्र 34 वर्ष 02. कृतिका बैस 03. पूजा बैस, तीनों पिता स्व. श्री संतोष कुमार बैस 04 श्रीमती यमुना बैस, पति स्व. श्री संतोष कुमार बैस सभी निवासी- एच.एन. 65. रंगमंच पारा, तूता, बिल्ल-तुता, उपरवारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा माना, प.ह.नं. 80, रा.नि.मं. रायपुर - 18 - कान्दुल, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि 01. 1654/1 रकबा 0.3360 हेक्टेयर, 02 1655/3 रकबा 0.0290 हेक्टेयर, 03. 1662 रकबा 0.1380 हेक्टेयर, 04 1663 रकबा 0.0890 हेक्टेयर 05. 1664 रकबा 0.1700 हेक्टेयर कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.7620 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 05 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा।

**सो सूचना जानें।**

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 12.01.2024

**भूपेन्द्र सिंह (अधिवक्ता)**
**पता-कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.)**
Mob.: 98935-43048

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. भनमती टंडन, 2. जाना बाई टंडन, 3. राजकुमारी बंजारे, पिता श्री सूरजभान 4. संतरीन बंजारे, पति श्री विषय लाल बंजारे निवासी निमोरा धरसींवा छ.ग. वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. 357/13, रकबा 0.303 हेक्टेयर भूमि जो वाके मौजा ग्राम निमोरा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. धरसीवा तहसील व जिला रायपुर छ.ग को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त सौदे एवं सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित सुंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक
स्थान-रायपुर

**भवदीय**
**भावना साहू**
**अधिवक्ता**
**पता- अमृत संदेश काम्पलेक्स रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 87705 05775, 97136 38885**

**विक्रय इकरारनामा निरस्ती की आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विक्रेता मनहरण लाल साहू पिता श्री दुकालू राम साहू निवासी-झंडा चौक लक्ष्मीनगर, रिंग रोड नंबर-01 रायपुर छ.ग. ने ग्राम- कोलर प.ह.नं. 0004 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर-134/35 का भाग रकबा 0.109 हे. भूमि अर्थात 11713 वर्गफुट भूमि को क्रेता श्री प्रवीण मुनोत जैन पिता श्री पारस चंद जैन निवासी-एस 07 प्रियदर्शिनी नगर रायपुर छ.ग. के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर दिनांक-26/09/2023 को विक्रय इकरारनामा का निष्पादन किया था, चूँकि दोनो पक्षो की आपसी सहमति से उक्त सौदा निरस्त होकर इकरारनामा में वर्णित शर्तें निष्प्रभावी हो चुकी है।

अतएव उपरोक्त भूमि को मेरा पक्षकार अन्यत्र विक्रय करने एवं हस्तातरित करने के लिए स्वतंत्र है इसलिए अब क्रेता यदि उक्त भूमि के संबंध मे भविष्य मे किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद, उजर-दावा या आपत्ति करता है वह इस आम सूचना के समक्ष अविधिक एवं शून्यकरणीय होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 12/01/2024

**भवदीय**
**एस.एस. चंदेल (अधिवक्ता)**
**पता - सांई एडवांस हॉस्पिटल के पास कृष्णानगर रायपुर जिला रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 94255-19873**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़**
**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 19/12/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना प.ह.न.-80 रा.नि.मं.- रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदक रविन्द्र यादव पिता कुबेर प्रसाद यादव नि. लाभांडी, रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 329/1 शामिल 255/2, 260/2, रकबा 0.280 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- अ-12 वर्ष - 2023/24 आदेश दिनांक- 14-12-23 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक- 22-01-24 को समय 11:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन / बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

Health Town

**यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल**

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR, THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR, THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.

तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

**मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल**

छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार

रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सायटिका, दोनों पांव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133


HANDLOOM HANDICRAFT EXPO
रावणभाठा ग्राउंड में
मनोरंजन भी.. खरीदारी भी..
रायपुर में पहली बार
JURASSIC PARK
DISNEY LAND
MELA
शानदार चल रहा है
आपके शहर में
मेला स्थल- रावणभाटा मैदान
नये बस स्टैंड के पास, रायपुर
sumit

## खबर संक्षेप



### नशे से युवा रहें दूर: मिश्रा

**रायपुर।** रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने दुर्गा महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में कहा, नशा समाज के लिए दीमक की तरह है, जिससे हमारा समाज खोखला हो रहा है। नशे से आप सभी दूर रहें और अपने समाज को सुधारने के लिए संकल्प लें। श्री मिश्रा ने कहा, आप सभी से ही भारत का भविष्य है। नशा शरीर के साथ दिमाग के संतुलन को बिगाड़ता है और दिशाहीन कर देता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए कहा, वे युगपुरुष थे, क्योंकि उन्होंने अपनी इंद्रियों को अपने वश में कर लिया था।

### चावल उपार्जन के लिए नान लेगा पांच हजार करोड़ का ऋण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले चावल के उपार्जन एवं अन्य अनुषांगिक जिंस की खरीदी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड पांच हजार करोड़ रुपयों की साख सीमा (ऋण) लेगा। इस संबंध में कार्पोरेशन ने टेंडर जारी किया है। बताया गया है कि कार्यशील पूंजी की आवश्यकता की पूर्ति के लिए गठित की गई राज्य स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन के अनुसार पांच हजार करोड़ रुपए की साख सीमा के लिए पूर्णतः या आंशिक के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम के तहत राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंको से प्रस्ताव बुलाए गए हैं।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने डिप्टी सीएम शर्मा को दिया आमंत्रण



**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नवीन विश्राम गृह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राजनांदगांव में आयोजित होने जा रहे युवक-युवती परिचय सम्मेलन, प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन एवं प्रदेश के निर्वाचित ब्राह्मण विधायकों पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा एवं सुशांत शुक्ला का अभिनंदन समारोह पर अतिथि के लिए आमंत्रित किया। इसकी सहर्ष स्वीकृति उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष मोलेश तिवारी, महासचिव राकेश दुबे, शिव शर्मा, आशुतोष दुबे सहित पदाधिकारी शामिल थे।

### बलमत प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर।** उत्कल विकास मंच का



प्रदेश अध्यक्ष बलमत महानंद को नियुक्त किया गया है। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सर्वसम्मति से बैठक कर यह निर्णय लिया। श्री महानंद समाजसेवा में सक्रिय है और निस्वार्थ सेवा कर समाज में विशेष योगदान दे रहे हैं।

### विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ का अधिवेशन कल

**रायपुर।** विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन 14 जनवरी को होने जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि मंत्री केदार कश्यप, दयालदास बघेल होंगे। संगठन के प्रांतीय महासचिव शशांक ढाबरे ने बताया कि अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि बामसेफ के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. संजय इंगोले होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष आरएल ध्रुव करेंगे। अधिवेशन में 3 हजार अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे।

# निलंबित आरक्षक ने हथकड़ी पहनकर कहा- निरीक्षकों, सिपाहियों का बने संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भारतीय पुलिस सेवा व राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों का संगठन है, लेकिन सिपाही व निरीक्षकों का कोई संगठन अभी तक नहीं बना है। हम जब अपनी आवाज उठाते हैं, तो हमें रोकने के लिए भ्रमित करके आचरण नियम और अनुशासन का भय दिखाया जाता है। राजद्रोह या पुलिस द्रोह के झूठे मामलों में एफआईआर करके जेल भेज दिया जाता है। इसका विरोध करते हुए निलंबित आरक्षक संजीव मिश्रा व बीजापुर की एसपीओ शिरोणणी राज ने डीजीपी व राज्य की नई सरकार से निरीक्षकों व सिपाहियों के लिए संगठन बनाने की मांग रखी। बूढ़ापारा स्थित धरनास्थल पर हाफ पैंट, बनियान और हथकड़ी पहनकर पत्रकारवार्ता ली। निलंबित आरक्षक संजीव ने आगे बताया कि हमारे विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण 80000 पुलिस और उनसे जुड़े परिवार आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ना का शिकार हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से अपील की है कि केवल एकतरफा अधिकारियों की बात ना सुनी जाए।

इस तरह की व्यवस्था से सिपाहियों की पीड़ा भी नहीं सुनी जाती। इससे निरीक्षकों और सिपाहियों में रोष पनप रहा है। इसे देखते हुए बीच का रास्ता निकाला जाए, जिससे कि पुलिस परिवार को बार-बार आंदोलन ना करना पड़े।

### बूढ़ातालाब में पुराना धरनास्थल पर पत्रकार वार्ता में रखी मांग

#### एक माह बाद करेंगे विधानसभा का घेराव

हमारी मांगों पर डीजीपी और सरकार द्वारा विचार नहीं किया जाता है, तो एक माह बाद विधानसभा घेराव किया जाएगा। इसके लिए डीजीपी पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। मांगों को लेकर कहा कि पुलिस के 40000 कर्मचारियों के पास रहने के लिए शासकीय आवास नहीं है, यह मिलना चाहिए। 24 घंटे ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मचारियों का ग्रेड पे 1900 के बजाय 2800 ग्रेड पे किया जाए, साथ ही 10 बिन्दुओं पर अपनी मांग रखते हुए इसे पूरा करने और विचार करने के लिए एक महीने का समय दिया है।



### काटे गए पेड़ों की जड़ों से कोपल आने की आस में वन अफसर

# उदंती अभ्यारण्य में रिसगांव सहित कई वनक्षेत्रों पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व जैसे घने वनक्षेत्र को पड़ोसी राज्य के अतिक्रमणकारी खोखला करने में लगे हुए हैं। इस क्षेत्र में वन अफसरों को रिसगांव सहित अन्य वन क्षेत्रों में सौ हेक्टेयर से घने वनक्षेत्र में हजारों की संख्या में पेड़ों की कटाई कर अवैध कब्जा करने की जानकारी मिली है। वन अफसर सेटेलाइट इमेज के माध्यम से कितने के वनक्षेत्र में कब्जा किया गया है, इस बात का अवलोकन कर रहे हैं। सेटेलाइट इमेज मिलाने के बाद अफसर जल्द ही जंगल से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। इसकी पुष्टि वन अफसर कर रहे हैं।

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर के मुताबिक जंगल में अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अफसर के अनुसार पिछले दिनों जिस 70 हेक्टेयर वनक्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है, उस पूरे इलाके को फेंसिंग तारों से घेराव कर सुरक्षित किया जाएगा। इसके साथ मुक्त कराए गए क्षेत्र में ग्रासलैंड विकसित किया जाएगा। ग्रासलैंड विकसित होने से हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीवों को पर्याप्त चारा मिलेगा। इसके साथ ही समतल की गई जमीन में कंटूर ट्रेंच बनाए जाने की जानकारी अफसर ने दी। कंटूर ट्रेंच से बरसाती पानी को रोकने में मदद मिलेगी। इससे भू-जल स्तर बढ़ने के साथ वन्यजीवों को पीने के लिए पानी मिलेगा।

### अफसर जल्द ही उन क्षेत्रों को अवैध कब्जा मुक्त कराने कार्रवाई करने की बात कह रहे

#### अतिक्रमणकारी ज्यादातर ओडिशा के

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में अतिक्रमण की ज्यादातर घटनाएं ओडिशा के अतिक्रमणकारी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उदंती-सीतीनदी टाइगर रिजर्व की जमीन काफी उपजाऊ है। यहां की भूमि में बड़े पैमाने पर मक्का का उत्पादन होता है। इसी वजह से पड़ोसी राज्य ओडिशा के अतिक्रमणकारी जंगल में मक्का की खेती करने कोर एरिया में वनों की कटाई कर अतिक्रमण की घटना को अंजाम देते हैं।



उदंती की 70 हेक्टेयर जमीन से कब्जा जमींदोज, दर्जनभर हुए गिरफ्तार

#### जलाए गए ठूंठ से संवरेगा जंगल

वन अफसर के मुताबिक जिन पेड़ों को काटकर अतिक्रमणकारियों ने जला दिया है, उन पेड़ों की ठूंठ से नए कोपल निकलने की आस है, जिसे फॉरेस्ट की भाषा में असिस्टेड नेचरल रीजनरेशन ऑफ फॉरेस्ट (एएनआर) कहते हैं। पेड़ों की ठूंठ से जो कोपल निकलते हैं, वह तेजी से प्राकृतिक खाद तथा पानी की वजह से तेजी से विकसित होते हैं, इससे उजाड़े गए जंगल के संवरने की संभावना है।

#### सेटेलाइट इमेज बन रहा कार्रवाई का आधार

गौरतलब है, उदंती सहित राज्य के कई और वनक्षेत्रों में लंबे अरसे से पेड़ों की कटाई कर अतिक्रमण करने का खेल चल रहा है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने सेटेलाइट इमेज को आधार बनाया गया और वन अफसरों ने अब तक आठ सौ हेक्टेयर के करीब अतिक्रमण की गई वनभूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने में कामयाबी हासिल की है। वन अफसरों को अन्य क्षेत्रों के वनों में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सेटेलाइट इमेज के आधार पर कार्रवाई करने की जरूरत है, तभी वनों को अवैध कब्जा होने से रोका जा सकता है।

# ऑडिट रिपोर्ट में लेखा परीक्षक का फर्जी सील-हस्ताक्षर कर फर्म को 12 लाख रुपए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जोन-1 आयुक्त की जांच रिपोर्ट में खुलासा

नगर निगम मुख्यालय की ऑडिट रिपोर्ट में लेखा परीक्षक के नाम का फर्जी सील व हस्ताक्षर कर मेसर्स जेबी कंस्ट्रक्शन कंपनी को 12 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया है। यह मामला वर्ष 2022 का है। इस मामले में वित्त उपायुक्त ने जोन-1 कमिश्नर को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। जोन कमिश्नर ने इसकी जांच कर रिपोर्ट पेश कर दी है, जिसमें ऑडिट रिपोर्ट में बताया गया है कि जोन कार्यालय से कंपनी को राशि भुगतान करने संबंधी कोई रिपोर्ट नगर निगम मुख्यालय को भेजी नहीं गई है, जबकि राशि का भुगतान निगम मुख्यालय से किया गया है, इसलिए जो भी गड़बड़ी हुई है ऑडिट शाखा में ही हुई है।

नगर निगम प्रशासन ने वर्ष 2022 में जोन-1 अंतर्गत ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 17 अंतर्गत विनायक विहार से अंजली विहार, कल्प विहार तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य के लिए 14 लाख 26 हजार रुपए की स्वीकृति दी थी। इस निर्माण कार्य का ठेका मेसर्स जेबी कंस्ट्रशन रायपुर को दिया गया था। इस फर्म के प्रोप्राइटर अशोक उईके हैं। इस फर्म को सुरक्षा निधि की राशि का भुगतान किए जाने के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसे ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार 12 लाख रुपए राशि का भुगतान भी कर दिया गया। इस राशि के भुगतान करने के बाद पता चला कि ऑडिट रिपोर्ट में जिस लेखा परीक्षक के नाम की सील व साइन है, वह फर्जी है। लेखा परीक्षक के अनुसार पहले व अंतिम बिल के ऑडिट का कोई रिकॉर्ड सीए फर्म के पास उपलब्ध ही नहीं है। इसके अलावा ऑडिट कार्य के उल्लेखित तिथि का डिस्पैच रजिस्ट्रर में कोई एंट्री भी नहीं है।

नगर निगम के वित्त उपायुक्त ने जोन-1 कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में स्वीकृत निर्माण कार्य हुए हैं या नहीं, इसकी जांच रिपोर्ट मांगी गई थी।

#### ऑडिट शाखा में हुई गड़बड़ी

स्वीकृत कार्यों के निर्माण पूर्ण हो चुके हैं। जोन कार्यालय में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है, क्योंकि राशि भुगतान को लेकर जोन कार्यालय से कोई रिपोर्ट नगर निगम मुख्यालय को भेजी नहीं गई है। ऑडिट शाखा में किसी ने गड़बड़ी की है।

- एनआर चंद्राकर
कमिश्नर जोन-1

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज आज आएंगे, छत्तीसगढ़ में तीन दिनी प्रवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर 13 जनवरी को नियमित विमान सेवा से दोपहर 12 बजे रायपुर आ रहे हैं। अपने तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन 13 को दोपहर 12.30 बजे, न्यू सर्किट हाऊस, रायपुर में राज्य के ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन एवं पंचायती राज अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक के बाद वे सड़क मार्ग द्वारा रायपुर से एनटीपीसी गेस्ट हाऊस, कोरबा के लिए रवाना होंगे। कोरबा पहुंचने के बाद शाम 6 बजे जिला प्रशासन के ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन एवं पंचायती राज अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री रात्रि विश्राम एनटीपीसी गेस्ट हाऊस, कोरबा में करेंगे।

#### कोरबा में कार्यक्रम

केन्द्रीय मंत्री, छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन, 14 जनवरी को सुबह 10.00 बजे स्थानीय मंदिर में आयोजित स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे और इसके बाद सुबह 11 बजे ग्राम ढोंगदरहा, विकासखण्ड कोरबा में और दोपहर 02.15 बजे ग्राम रंजना, विकासखण्ड, कटघोरा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री रात्रि विश्राम एनटीपीसी गेस्ट हाऊस, कोरबा में करेंगे। अपनी यात्रा के तीसरे दिन, 15 जनवरी को एकलव्य आदर्श विद्यालय, छुरीकला, विकासखण्ड, कोरबा में आयोजित पीएम जनमन योजना कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस योजना का शुभारम्भ विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद केन्द्रीय मंत्री सड़क मार्ग द्वारा दोपहर 1.30 बजे कोरबा से रायपुर विमातल के लिए रवाना होंगे और रात्रि 8.25 बजे रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली रवाना होंगे।

# मनी लांड्रिंग के आरोपियों से जेल में चार घंटे पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ साढ़े पांच सौ करोड़ रुपए गड़बड़ी का हिसाब लेने ईडी के अफसर जेल पहुंचे

माइनिंग उत्खनन में घोटाला तथा मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अफसर समीर विश्नोई, दो खनिज अधिकारी, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी सहित अन्य पांच से ईडी के अफसरों ने शुक्रवार को जेल में चार घंटे पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक ईडी के अफसरों को आरोपियों द्वारा करीब साढ़े पांच सौ करोड़ रुपए गड़बड़ी करने के साक्ष्य मिले हैं। इसी संबंध में ईडी के अफसर आरोपियों से जेल में पूछताछ करने के लिए पहुंचे थे।

सूत्रों के मुताबिक ईडी के अफसरों ने जो साढ़े पांच सौ करोड़ रुपए की गड़बड़ी पकड़ी है, उसमें से ढाई सौ करोड़ रुपए की गड़बड़ी का ईडी के अफसरों ने जानकारी जुटा ली है, शेष रकम की जानकारी जुटाने तथा हिसाब लेने ईडी के अफसर जेल पहुंचे। आरोपियों से पूछताछ करने ईडी के तीन अफसर पहुंचे थे। इसके अलावा ईडी के अफसर अपने साथ एक वकील अपने साथ जेल ले गए थे। आरोपियों से जेल सुपरिटेंडेंट के बाजू वाले कमरे में ईडी के अफसरों ने पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक ईडी की महिला अधिकारी शनिवार को निलंबित आईएएस अफसर रानू साहू तथा निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया से पूछताछ करने जेल पहुंचेंगी। रविवार को किसी से पूछताछ नहीं की जाएगी।

### 103.63 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदीजी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। अब तक किसानों से 103.63 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 22468 करोड़ रुपए से अधिक राशि का भुगतान किया गया है।

## पेज 09 के शेष ...

### अयोध्या में रामलला की...

किया जाएगा। अयोध्या में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा से छत्तीसगढ़ समेत पूरा देश राममय हो चुका है। इसका प्रभाव राज्य के थोक दवा बाजार में भी नजर आ रहा है। मेडिकल कांप्लेक्स स्थित दवा बाजार में पिछले डेढ़ माह से प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने की तैयारी चल रही है। पूरे दवा बाजार को राममय किया जा चुका है। बाहरी दीवारों पर जहां भगवान राम, हनुमान तथा अयोध्या के राममंदिर की विशाल वॉल पेंटिंग की गई है, वहीं भीतरी हिस्से में तोरण के साथ प्रत्येक दुकान में बड़े-बड़े भगवा झंडे लगाए गए हैं। राजधानी के साथ दूसरे जिलों के दवा व्यापारियों को 22 जनवरी होने वाले उत्सव और शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष ठाकुर राजेश्वर सिंह ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव के दौरान ढोल बाजे और विशेष वेशभूषा की मदद से समूचे दवा बाजार को राममय किया जा रहा है। दवा बाजार में उत्सव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की रात दीपावली जैसा उत्सव मनाया जाएगा।

### अनफिट गाड़ियों को बिना...

की व्यवस्था ही विभाग के पास नहीं है। इसीलिए प्रदूषण की जांच किए बगैर ही सर्टिफिकेट उपलब्ध करा रहे हैं। इसके लिए पुराने वाहनों की फोटो व डिटेल लेकर नए वाहनों के साइलेंसर जांच कर रिपोर्ट बना दी जाती है।

### मॉनिटरिंग नहीं इसलिए...

से मिल सके, लेकिन सभी सेंटर अब भी सॉफ्टवेयर से नहीं जुड़े हैं, जबकि सभी कामकाज यहां ऑनलाइन किया जा रहा है। जो पीयूसी सेंटर सर्वर से नहीं जुड़े हैं, वे वाहनों की फोटो व डिटेल लेकर दूसरी गाड़ी की जांच कर सर्टिफिकेट बनाते हैं। विभाग में मॉनिटरिंग का सिस्टम नहीं बन पाने से संचालक लापरवाही बरत रहे हैं।

### बच्चे को स्कूल से...

साथ कार को मस्ती पूर्वक चला रहा था। टर्निंग के पास आकाश गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाया और सामने से आ रही महिला की स्कूटी को ठोकर मार दी। घटना के बाद घबराया कार चालक ने महिला और बच्चे की सुध लेने के बजाय मौके से भागने की कोशिश की। इस पर स्थानीय लोगों ने कार को घेरकर रोक लिया और आकाश को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

### दिसंबर के बिजली बिल...

अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू कर दिया है। एफपीपीएएस में पहले माह 5.3 प्रतिशत शुल्क लगा था, लेकिन दूसरे माह में शुल्क डबल हो गया और दस फीसदी ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लगा। तीसरे माह 14.23 फीसदी शुल्क लगा। चौथे माह जुलाई में शुल्क में कमी आई और यह 11.23 फीसदी हो गया। इसके बाद अगस्त में कमी आई और शुल्क 10.31 प्रतिशत हो गया, लेकिन सितंबर में आचार संहिता के कारण फेरबदल नहीं हो सका, तो ऐसे में अक्टूबर में सितंबर का जो बिल आया था, उसमें अगस्त की खपत पर ऊर्जा प्रभार में 10.31 प्रतिशत के हिसाब से शुल्क लिया गया। इसी तरह से दिसंबर में अक्टूबर का जो बिल आया, उसमें भी अगस्त का ही 10.31 प्रतिशत का शुल्क लिया गया।

### महादेव एप का हवाला...

कारोबारियों से पूछताछ करने 17 जनवरी तक रिमांड स्वीकृत की है। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के मुताबिक रायपुर के कारोबारी अमित अग्रवाल तथा कोलकाता के कारोबारी नितिन तिगड़ेवाल को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इन दोनों पर महादेव सट्टा एप की रकम को हवाला के जरिए खपाने का आरोप है। गौरतलब है कि पूरक चालान में अमित अग्रवाल के भाई अनिल अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है। अनिल अग्रवाल से पूर्व में पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर ईडी ने उसके भाई अमित को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय में तलब किया था। इसके अलावा ईडी ने नितिन को भी पूछताछ के लिए तलब किया था। दोनों को ईडी ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

**राज्य के अंदर तथा दुबई में प्रापर्टी के साक्ष्य :** सूत्रों के मुताबिक अमित अग्रवाल ने महादेव सट्टा एप की एक बड़ी राशि से रायपुर के छेरीखेड़ी तथा राज्य के और कई शहरों में प्रापर्टी खरीदी है। इसके अलावा नितिन तिगड़ेवाल तथा अमित द्वारा दुबई में प्रापर्टी खरीदने के साक्ष्य मिलने की जानकारी सूत्रों ने दी है। दोनों से पूछताछ के बाद ईडी के अफसर अमित तथा नितिन से जुड़े और लोगों को पूछताछ करने तलब कर सकती है।

## बिजनेस साइट

### एनटीपीसी में राख प्रबंधन और उपयोग प्रमुखों की बैठक हुई

**रायपुर।** एनटीपीसी नवा रायपुर में राख प्रबंधन और उपयोग प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक 10-11 जनवरी को आयोजित की गई थी, जिसमें एनटीपीसी के ऐश प्रबंधन और उपयोग विभाग के प्रमुख बड़ी संख्या में शामिल हुए थे। इस बैठक में एनटीपीसी के निदेशक रमेश बाबू ने थर्मल पॉवर सेगमेंट में सस्टेनेबिलिटी बनाए रखने के लिए 100 प्रतिशत राख के उपयोग के महत्व को



रेखांकित किया। इससे न केवल सरकार के निर्देशों का पालन करने में मदद मिलेगी, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल तरीके से थर्मल पॉवर पैदा करने में भी मदद मिलेगी।

### एएन ऑटोमोबाइल्स द्वारा सीएसआर एक्टिविटीज का आयोजन

**रायपुर।** एएन ऑटोमोबाइल्स एवं महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज रायपुर की रीजनल टीम के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान के तहत सीएसआर एक्टिविटीज का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूंडा में किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों को पीने के लिए स्वच्छ पानी एवं धूप और बारिश से बचाने के लिए शेड की व्यवस्था कि गई।
इसे वहां पर उपस्थित शिक्षकों और बच्चों ने सराहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एएन ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर अनुराग सेन एवं डिविजनल मैनेजर संदीप यादव, एचआर मैनेजर सोनल दीक्षित उपस्थित रहे।









हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## एजूकेशन लाइव

# प्रतियोगी परीक्षाओं की 100 सीटों पर कल होगी कोचिंग प्रवेश परीक्षा



**रायपुर।** स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग सुविधा के लिए प्रवेश परीक्षा 14 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक शासकीय प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर में आयोजित है। परीक्षा में भारत का सामान्य ज्ञान, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान, गणित, रिजनिंग, हिन्दी, अंग्रेजी इत्यादि पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें कुल 100 अंक के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे तथा गलत उत्तर होने पर ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि 'राजीव युवा उत्थान योजना', राज्य के रायपुर जिला मुख्यालय में स्थित परीक्षा पूर्व केंद्र पर 100 सीट के लिए राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को बैंकिंग भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, छग व्यापम इत्यादि के माध्यम से ली जाने वाली परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान करने की योजना है। इस योजना के तहत वर्ष में 6-6 माह के दो प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाते हैं। इस हेतु अभ्यर्थियों का चयन प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से होता है। प्रथम 6 माह में प्राक्चयन परीक्षा में चयनित व द्वितीय 6 माह में प्रतीक्षा सूची के 100-100 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है तथा विद्यार्थियों को एक हजार रुपए प्रतिमाह शिष्यवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है।

### 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित

कोचिंग की सुविधा निशुल्क है। प्रशिक्षण के लिए कुल स्वीकृत सीटें 100 हैं, इसमें अनुसूचित जाति के लिए 30, अनुसूचित जनजाति के लिए 50 और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 20 सीटें आरक्षित हैं। इसमें वर्गवार 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए सुरक्षित रहती हैं। कोचिंग सुविधा का लाभ लेने के लिए सिर्फ वही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो बैंकिंग भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, छग व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखते हैं, जिनकी न्यूनतम आयु 20 वर्ष एवं अधिकतम आयु 30 वर्ष है, जो छग राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो और जिनके पालक या अभिभावक की आय तीन लाख रुपए से अधिक न हो। आवेदकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए पात्र विद्यार्थियों से आवेदन 26 दिसंबर 2023 तक आमंत्रित किए गए थे।

## गुरु पथ संगत से सजी प्रकाश पर्व की शोभायात्रा, गतका दल ने दिखाया शौर्य प्रदर्शन

# तलवार की नोक पर हैरतअंगेज करतब नुकीले बाक्स पर सिर रखा, तोड़ी सिल्ली



'सिख समाज द्वारा हर साल की तरह ही इस बार भी श्याम नगर गुरुद्वारे से धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। गुरु पथ संगत से सजे प्रकाश पर्व में झांकी और गुरुग्रंथ साहिब की पालकी भी आकर्षण का केंद्र रही। विधि-विधान से सजाई गई पालकी की अगवाई करते हुए पंज प्यारे शोभायात्रा में पालकी संग चलते नजर आए। कीर्तन करते हुए जत्था भी नगर कीर्तन में शामिल हुआ। इसमें पंजाब से आए गतका दल के करतब और शौर्य को देख लोग भी चकित हो गए। जैसे-जैसे जत्था आगे बढ़ा, इसमें शामिल सिख समाज के लोगों के स्वागत में जगह-जगह पुष्पवर्षा भी की गई।'



**रायपुर।** तेलीबांधा क्षेत्र में शुक्रवार को गुरु गोबिंद सिंह जयंती (प्रकाश पर्व) के चलते उत्सव-सा माहौल रहा। यहां के श्याम नगर गुरुद्वारे से इस साल भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सादगी से भरे इस आयोजन को सिब्बल फाउंडेशन और तारु सिंग फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। गुरु गोबिंदजी की जयंती पर गुरुद्वारे से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत शामिल हुए। फाउंडेशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सिब्बल ने इस आयोजन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह शोभायात्रा दोपहर 3 बजे बजे गुरुद्वारे से बड़ी धूमधाम से निकाली गई। इसमें शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष और कीर्तन के चलते पंडरी गुरुद्वारे में पालकी पहुंचने के बीच उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

### लाठी और तलवारबाजी में दिखा जोश

एक तरफ कीर्तन जत्था आस्था का संचार कर रहा था। वहीं दूसरी तरफ पंजाब से आए सिख जत्थे ने लाठी चलाते हुए जब एक-दूसरे पर वार किया तो एक बारगी ऐसा लगा, मानो एक-दूसरे से लड़ाई के मूड में हों, मगर ऐसा कुछ नहीं है, यह आने-जाने वाले लोगों को भी जल्दी समझ में आया। इसके बाद तलवारबाजी का दौर शुरू हुआ तो एक हाथ में ढाल और दूसरे हाथ में तलवार थामे खास पोशाक में युवा पहले एक-एक करके आमने-सामने हुए। इसके बाद कई युवाओं ने सड़क पर लड़ाई जैसा दृश्य पेश किया।



### भाले पर पेट के बल चढ़कर दिखाया अनोखा करतब

गतका दल ने शोभायात्रा के दौरान अत्यंत रोमांचक प्रदर्शन किया। पहले तलवारबाजी और बाद में भाले पर पेट के बल चढ़कर हैरान करने वाला शौर्य प्रदर्शन किया। इसके बाद दो सिख युवा खास पोशाक में सड़क पर रखे गए दो नुकीले बाक्स पर सिर रखकर लेट गए। इसके ऊपर बर्फ की सिल्ली रखी गई, जिसे हथौड़े से तोड़ने का हैरान करने वाला करतब पेश किया गया। जिस रूट से भी शोभायात्रा निकली, लोग इनकी एक झलक पाने के लिए उत्सुक नजर आए। हर स्वागत स्थल पर गतका दल ने भी शौर्य प्रदर्शन किया।







## सिटी लाइव

# रीमिक्स गानों पर थिरके बच्चे मासूम अदाओं से भावुक हुए पालक



रायपुर। किड्स स्कूल टाटीबंध ब्रांच में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम किया गया, जिसमें बच्चों ने बॉलीवुड थीम, एजुकेशनल, देशभक्ति पर डांस प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों ने फौजी बनकर दुश्मनों से लड़ाई लड़ी। साथ ही बच्चों की मनमोहक अदाओं ने पालकों को भावुक कर दिया। एसईआरटी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपा दास ने सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। नृत्य में राज्यों की संस्कृति की झलक देखने को मिली, साथ ही समाज को छात्रों ने संदेश भी दिया। बॉलीवुड थीम पर मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में रीमिक्स गानों की प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया तो वहीं छत्तीसगढ़ी गीतों ने कार्यक्रम में समां बांधा। विद्यार्थियों ने डांस की विभिन्न विधाओं पर प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

### प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को मुख्य अतिथि व प्रिंसिपल कविता द्वारा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सड्डू से दिव्या पांडे, भिलाई 3 से लक्ष्मी कुमारी व महावीर नगर से यामिनी साहू आदि पालकों ने कार्यक्रम की सराहना की।

# नवाचार लाने वैज्ञानिकों को दिए सुझाव



**रायपुर।** देश के प्रख्यात सोयाबीन वैज्ञानिक डॉ. एसके मेहता का शुक्रवार को आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक शर्मा व अन्य वैज्ञानिक ने सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. मेहता ने प्रदेश में सोयाबीन के घटते क्षेत्र पर चिंता व्यक्त की और वैज्ञानिकों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ. मेहता ने सोयाबीन की अनेक किस्में विकसित कीं और मध्यभारत में सोयाबीन की खेती को शुरू करने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। सोयबीन की नौ महत्वपूर्ण किस्मों जेएस 2, जेएस 76-205, जेएस 75-76, जेएस 71-05, जेएस 80-21, जेएस 335, जेएस 90-41, दुर्गा तथा गौरव को विकसित करने का श्रेय आपको दिया जाता है। अधिक उपज देने वाली, जल्दी पकने वाली, संतुलित प्रोटीन तथा अधिक तेल मात्रा की किस्मों को कृषकों द्वारा भरपूर समर्थन प्राप्त होने से सामाजिक तथा आर्थिक-सुदृढ़ीकरण का नया आयाम खुला है। पं. जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किस्मों को सराहा गया।

### आंजनेय यूनिवर्सिटी के सृजन 2.0 हुआ समापन, छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

# मॉडल बनकर जटिल समस्या का ढूंढा समाधान, पाक कला में छात्रों ने दिखाया हुनर

**रायपुर।** आंजनेय यूनिवर्सिटी में आयोजित सृजन-2.0 वार्षिकोत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। दो दिनों तक चले कार्यक्रम में सभी छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस दौरान फायरलेस कुकिंग कर विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर अपनी प्रस्तुति दी। छात्रों ने सेव पूरी, विभिन्न प्रकार के सैंडविच, बिस्किट ट्रीट, जूस इत्यादि स्वादिष्ट चीजें तैयार कीं और बिना आग के भी खाना पकाने में अपनी प्रतिभा साबित की। इसके अलावा फैशन शो में ट्रेडिशनल लुक में स्टूडेंट्स ने रैंप वॉक किया। आधा दर्जन से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भी अलग-अलग स्कूलों से आए 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया।





### मॉडल ने जज को किया प्रभावित

छात्रों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल तैयार किए, जो कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहे। छात्रों ने जटिल समस्या का हल मशीन के जरिए बताया, जिसे देख जज भी प्रभावित हुए। इसके अलावा व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वामनराव लाखे स्कूल रायपुर, दूसरा स्थान होली मदर स्कूल रायपुर, वहीं तीसरा स्थान स्वामी आत्मानंद स्कूल फाफाडीह ने हासिल किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हर्षित साहू ने दूसरा स्थान कृष्ण शर्मा और तीसरा स्थान पूजा शर्मा ने हासिल किया। फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता के विजेता में पहला स्थान दिशा कश्यप, वहीं दूसरे स्थान पर कैलाश जैन और प्रियम राठी साथ ही तीसरा स्थान उन्नति मोदी और अलीना प्रवीन ने जीत दर्ज की।

समापन में यूनिवर्सिटी के चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों का मन खुला होता है, उनकी विचारशीलता आकाश से भी ऊपर होती है, आवश्यकता केवल अवसर के मिलने या देने की होती है।

# आशियाना खरीदने एक्सपो में उमड़ी भीड़, कार-बाइक ने किया आकर्षित



**रायपुर।** श्रीराम बिजनेस पार्क में शुक्रवार चार दिवसीय कास्मो एक्सपो की शुरुआत हुई। पहले दिन बिल्डर्स, ऑटोमोबाइल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स व कंप्यूटर समेत निजी व सरकारी सेक्टर के स्टॉल में लोगों की खासी उपस्थिति नजर आई। उद्घाटन में पहुंचे स्कूल व उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि एक्सपो में हर व्यक्ति को घर, कार, कपड़े से लेकर स्कूल-कॉलेज में बच्चों की पढ़ाई की जानकारी से लेकर डॉक्टर्स तक के स्टाल लगे हुए हैं और खुशी की बात है कि रामलला का दरबार भी सजा हुआ है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आयोजन के लिए बधाई दी।

### म्यूजिक बैंड ने दी प्रस्तुति

मैदान में 350 स्टॉल लगाए गए हैं। यहां खास बात ये है कि न एंट्री पर शुल्क न पार्किंग पर, एक्सपो के बीचों-बीच विशाल मंच पर द इंडियन रोलर की धुन ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान प्रोग्राम चेयरमैन रो. आशीष नत्थानी, को-चेयरमैन रोहित जैन व प्रदीप डी. गोयल, प्रोग्राम ट्रेजरर्स सौरभ सोनी, क्लब प्रेसीडेंट रविन्द्र शिरे व सेक्रेटरी मनोज अग्रवाल, पीआरओ रमेश राव, कीर्ति व्यास, संजय त्रिपाठी, रमेश अग्रवाल, आनंद सिंघानिया, अजय गोयल, आशीष अग्रवाल व अजय तनवानी उपस्थित थे।

## रंग मंदिर के सभागार में कमला देवी संगीत महाविद्यालय की रंगरंग प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

# कथक नृत्य ने घोली प्रेम की मिठास, शिवभक्ति और छत्तीसगढ़ी पंडवानी गीतों से सजा स्टूडेंट डे



### शिव तांडव और पंडवानी

गीत-संगीत का सिलसिला आगे बढ़ा तो एक समय ऐसा भी आया, जब स्टूडेंट ने पंडवानी गायन से ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी गीतों पर भावपूर्ण नृत्य भी पेश किया। इसमें सोलो डांस, ग्रुप डांस का दौर भी चला। रीमिक्स गीतों से सजी इस महफिल का लुत्फ उठाने के लिए दर्शकों के बीच कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानाथ सिंह, डॉ. आरती सिंह, डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति के साथ ही सभी संगीत मर्मज्ञ उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम की गरिमा का भी ध्यान रखा गया।



**रायपुर।** मुझे आपने बुलाया, ये करम नहीं तो क्या है..., की सुमधुर प्रस्तुति से अजय मिश्रा एवं साथियों ने गीत-संगीत की महफिल सजाई। वहीं इनके ग्रुप ने सजा लो घर को गुलशन-सा मेरे घर राम आए हैं...., जैसे ही गाना शुरू किया, दर्शक दीर्घा में बैठे लोग भी इनके सुर में सुर मिलाते नजर आए। यह सिलसिला शाम 4 बजे से लेकर रात 8 बजे तक रंग मंदिर के सभागार में चलता रहा। मौका था, कमला देवी संगीत महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव का। इसमें शुक्रवार को विद्यार्थी ही मंच पर छाए रहे। हर प्रतिभागी को मंच से जोड़ने में प्रांजल सिंह राजपूत ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उन्होंने एक-एक करके करीब 35 कड़ियों को पिरोते हुए इस साल के स्टूडेंट डे को यादगार बनाने का प्रयास किया। वहीं पूनम वैष्णवी ने फिल्मी गीतों को पेश करते हुए दर्शकों को खुशनुमा माहौल दिया।

### एकल गायन व नृत्य भी

स्टूडेंट डे की कड़ी में संगीत के छात्र-छात्राओं को फ्री स्टाइल में मंच दिया गया, ताकि छिपी हुई प्रतिभा का वे प्रदर्शन कर सकें। यह प्रयोग सफल भी रहा। वादन, गायन व नृत्य जैसी विधा की शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों ने मंच पर एक लोकगायक और कलाकार की तरह खुद को पेश किया। किसी ने गीत-गजल से लोगों को झूमने को विवश किया तो किसी ने छत्तीसगढ़ी गीतों से लोगों का मनोरंजन किया। इस दौरान उनके पालक भी मौजूद थे।



# सिटी इवेंट

## डूबते सूरज से धैर्य का संदेश पक्षियों की तस्वीर पर ठहरी नजरें



**रायपुर।** भावनाओं को शब्दों में नहीं पिरोया जा सकता, मगर जब भावनाएं शब्दों का रूप धरती हैं तो एक-एक शब्द बोलता है। कुछ ऐसा ही महाकौशल कला परिषद की ओर से आयोजित राष्ट्रीय फोटोग्रॉफी कला प्रदर्शनी में यह देखने को मिला। यहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. केबी शर्मा ने ऐतिहासिक, पौराणिक व सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चित्रों की सराहना की। प्रदर्शनी में युवाओं द्वारा नाटक, नृत्य, खेलते हुए बालक, डूबते सूरज, जीव-जंतु, कुमुदिनी, बुद्ध आदि विषय पर छाया चित्रण में सौंदर्य को व्यक्त किया है। देश के 25 युवा छायाकारों के विभिन्न विषयों पर आधारित श्वेत-श्याम व रंगीन छायाचित्र प्रदर्शित किए गए हैं।

### वाइल्ड लाइफ से जीवंत हुईं कहानियां

छायाकारों ने वाइल्ड लाइफ के कलात्मक श्वेत-श्याम दृश्य चित्र, छायाचित्र, छाया व सौंदर्य से अभिव्यंजना करते तितलियों के दृश्य, प्रकृति और जंगली जानवरों के बीच अनमोल प्रेम के दृश्य, आसमान के साथ खेलने वाले पक्षियों के चित्र, सांप, पालतू जानवरों की अनेकों चित्र प्रदर्शित किए गए। प्रतिभागियों ने अपनी अनुभूति को कैमरे से खींचकर जमा किया है। दिनभर लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान छायाकारों ने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि वाइल्ड लाइफ प्रकृति और जीव-जंतुओं की एक कला है, जिसे देखना काफी रोमांचकारी होता है।

# स्पोर्ट्स लाइव

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कोरसा, बिंदू और ज्योति करेंगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**रायपुर।** 6वें खेलो इंडिया गेम्स 2023 का आयोजन 19 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2024 तक तमिलनाडु में किया जाएगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी की जानकी कोरसा, बिंदू तेलम एवं ज्योति कुड़यिम का छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व के लिए चयन किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के फुटबाल खिलाड़ियों के प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनके खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए चयन होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वर्ष 2023 में गुवाहाटी असम में आयोजित हीरो जूनियर गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने (बीएसए) की ज्योति यादव, फुटबाल नेशनल कोच के नेतृत्व में क्वार्टर फाईनल तक का सफर किया था।

### 17 को तमिलनाडु रवाना होगी टीम

इस जूनियर गर्ल्स चैंपियनशिप में बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के 4 खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। जूनियर गर्ल्स चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल टीम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में क्वालीफाई किया है। छत्तीसगढ़ की टीम 17 जनवरी को रायपुर से तमिलनाडु के लिए रवाना होगी। बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के फुटबॉल खिलाड़ियों ने इससे पूर्व में भी खेलो इंडिया जनजातीय नेशनल चैम्पियनशिप भुवनेश्वर ओडिशा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए झारखण्ड जैसी मजबूत टीम को पराजित कर गोल्ड मेडल हासिल किया है।

# समाज इवेंट

## महाराष्ट्र मंडल में आज मनाएंगे मकर संक्रांति, पुराने सामान कर करेंगे त्याग



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में शनिवार को शाम 7 बजे मनोरंजक कार्यक्रमों और स्पर्धाओं के साथ भोगी पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर हर आयु वर्ग के लोगों के लिए विविध स्पर्धाएं और रोचक प्रस्तुति आयोजित की जाएंगी। आध्यात्मिक समिति की प्रभारी आस्था काले ने बताया कि मकर संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाने वाला भोगी पर्व इस बार 13 जनवरी को मनाया जाएगा। बच्चों की धींगा-मस्ती वाले विविध कार्यक्रमों और प्रस्तुतियों के बाद तिल गुड़ से बने व्यंजनों, मीठी रोटी, खिचड़ी के साथ भोजन का लुत्फ लिया जाएगा

### मीठी रोटी और बनेगी खिचड़ी

भोगी पर्व बादलों के देवता इंद्र को समर्पित है। किसान अपनी भूमि को समृद्ध एवं अच्छी बारिश की कामना को लेकर इंद्र भगवान की पूजा करते हैं। हल-कृषि उपकरणों का विशेष पूजन किया जाता है और इस दिन खेतों में काम नहीं होता। आमतौर पर भोगी के दिन लोग पुराने सामान का त्याग करते हैं और दान-पुण्य अधिक करते हैं।

राजधानी में विचार गोष्ठी व कार्यक्रमों की श्रृंखला सजी, मनाई गई स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती

# युवा देश का भविष्य, भारत को नई दिशा देने का उत्तराधिकार इनके ही कंधों पर

स्वामी विवेकानंद के विचारों व कार्यों को आत्मसात करते हुए ही भारत विश्वगुरु बन सकता है। यह तभी संभव होगा, जब युवा नशे की आगोश में जाने के बजाय राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए प्रयास करें। इन विचारों को शहर के स्कूल, कॉलेज ही नहीं, बल्कि संस्थाओं में भी अतिथि वक्ताओं ने भी युवाओं के सामने रखा। कई आयोजनों में वक्ताओं ने युवाओं से कहा कि स्वामी विवेकानंद के स्लोगन को याद करते हुए अब विवेक से निर्णय लेते हुए हर युवा को गरीबों की सेवा और राहगीरों को सड़क सुरक्षा के लिए अवेयर करने की पहल करनी चाहिए। इस तरह के प्रयास से ही बड़ा बदलाव होगा।

### आदर्श मार्ग पर चलकर बनाएं भारत को विश्वशक्ति



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय व ट्रांसफार्म रूरल इंडिया के तत्वावधान में 'ऊर्जावान युवा, प्रगतिशील प्रदेश' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने किया। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि एक नरेंद्र (स्वामी विवेकानंद) थे, जिन्होंने भारत को ज्ञान के मामले में विश्वगुरु के रूप में पहचान दिलाई। अब एक नरेंद्र मोदी हैं, जो भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए प्रयासरत हैं। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ के प्राध्यापक डॉ. टोपलाल वर्मा ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं जीवन मूल्यों के पर केंद्रित व्याख्यान दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संजय शर्मा, डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, डॉ. अजय वर्मा ने भी वक्तव्य दिया।

### श्रवण बाधित बच्चों संग युवा दिवस



डगनिया स्थित संस्था कोपलवाणी में दिव्यांग बच्चों के लिए महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के प्रयास से एक कार्यशाला की गई। इसमें प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी, राहुल तिवारी, जुबेसता एवं संस्था कोपलवाणी की पद्मा शर्मा बतौर विशेषज्ञ उपस्थित हुए। इसमें विशेषज्ञों ने बात रखते हुए कहा कि पहले श्रवण और दृष्टिबाधित बच्चों को विकलांग बुलाया जाता था, केंद्र सरकार के प्रयासों से शाब्दिक परिवर्तन हुआ। अब इन बच्चों को दिव्यांग कहा जाने लगा है। प्राचार्य ने कहा कि दिव्यांग होना कोई अभिशाप नहीं है, किसी आंशिक कमी के कारण शरीर में यह लक्षण आ जाते हैं। वहीं संस्था की पद्मा शर्मा ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बात रखी। आगे बताया कि संस्था द्वारा बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक पहल की जाती है। इसमें अब लोग भी सहयोग के लिए आगे आने लगे हैं।

### युवा देश, समाजसेवा में आगे आएं



सुधा सोसायटी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओपन स्कूल आमासिवनी में बच्चों और युवाओं के साथ युवा दिवस मनाया गया। चेयरमैन जीके भटनागर ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारती गंगाराम और खुशी यादव मौजूद थीं। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्राची उपाध्याय और गेस्ट ऑफ ऑनर राजेश शर्मा इसमें शामिल हुए। योगा एक्सपर्ट वासुदेव प्रधान ने बच्चों को योग और लॉफ्टर योग की जानकारी दी। श्री भटनागर ने बताया कि संस्था गरीब और साधन विहिन बच्चों के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत है। राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य उनको योग्य बनाना है, जिससे देश व समाज के काम आएं। चूंकि एक सशक्त समाज सशक्त युवाओं से बनेगा। राष्ट्रीय युवा दिवस 2024 का विषय है "उठो, जागो और अपने पास मौजूद शक्ति को पहचानो।" उत्सव को विभिन्न वार्ताओं व प्रस्तुति से भी सजाया गया।

### पेंटिंग और स्लोगन से नशामुक्ति का संदेश



स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्वामी विवेकानंद उत्कर्ष परिषद द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुकुरबेड़ा में आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष दीप्ति दुबे व प्राचार्य नीलिमा शर्मा ने स्वामी विवेकानंद की फोटो पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों को स्वामी विवेकानंद की जीवनी व उनके विचारों को ग्रहण करके जीवन में कैसे सफल हो सकते हैं, यह भी बताया गया। नशामुक्ति थीम पर पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य श्रीमती शर्मा ने सभी बच्चों को नशे की लत से दूर रहने और स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रो. टिकेश्वर साहू, डॉ. पुणेश्वरी बघेल, दीपलता वर्मा, भारती साहू, स्नेहा, संचिता, नेहा, अंजली, श्रुति, तेजस्विनी उपस्थित थीं।

### स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चलने किया प्रेरित




राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर की टीम राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने विकसित भारत योजना के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक मनमोहक कार्यक्रम पेश किया। यह कार्यक्रम एपीजे अब्दुल कलाम हॉल में किया गया। संकाय प्रभारी डॉ. गोवर्धन भट्ट, टीम एनएसएस के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। इसमें स्वामी प्रपत्यानंद अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इसमें एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### युवा नशे का करें त्याग करें गरीबों का उत्थान



दुर्गा महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र, वॉलेंट्री हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं महाविद्यालय के भूगोल विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विधायक रायपुर उत्तर विधानसभा पुरंदर मिश्रा ने युवाओं से नशे का त्याग करने और गरीबों के उत्थान के लिए काम करने का आव्हान किया। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें रोशनी, विश्वेता प्रियंवदा और काजल गुप्ता ने बाजी मारी। कार्यक्रम में विजयी प्रतिभागियों को विधायक श्री मिश्रा ने पुरस्कृत किया। वहीं नेहरू युवा केंद्र और पुलिस विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत रैली निकालकर की गई।

### वेशभूषा में बच्चों ने निकाली रैली



स्वामी विवेकानंद जयती के उपलक्ष्य में रामकृष्ण विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल मंगल बाजार के छात्रों ने रैली निकाली। रैली में बच्चे स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में शामिल हुए। रैली में प्राचार्य पुष्पा तिवारी, संचालक विवेक तिवारी शामिल हुए।

### संस्कृत से बहुत प्रेम करते थे स्वामी विवेकानंद

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस पर संस्कृत भारती संगठन का व्याख्यान एवं प्रचार अभियान हुआ, जिसमें संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ के प्रांत मंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार तिवारी, डॉ. गोपेश तिवारी, डॉ. लक्ष्मीकांत पंडा, हेमंत साहू, डॉ. वैभव कान्हे, पं. चंद्रभूषण शुक्ला, लूनेश वर्मा, संस्कृत महाविद्यालय के प्रो. बीएस पटेल, प्रवीण झाड़ी, राजेश भगत, प्रफुल्ल त्रिपाठी, राकेश तिवारी, पारस साहू, होमेश्वर चंद्राकर, दुर्गेश तिवारी, डालेश्वरी साहू, साधना तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अपने अपने ढंग से विविध कार्यक्रम किए। संस्कृत भाषा प्रचारक पं. चंद्रभूषण शुक्ला एवं प्रांतमंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी ने बताया कि व्याख्यान एवं प्रचार अभियान में स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके किए कार्यों, उनके सुविचार, हमारे भारत देश की अध्यात्मिकता एवं संस्कृत के प्रति उनकी निष्ठा आदि पर सारगर्भित चर्चा हुई।

### स्वामी विवेकानंद के बताए रास्ते पर चलें युवा



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। प्रार्थना सभा के बाद मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य जी. श्रीवास्तव व अध्यापिका सतगुणा नायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किया। प्राचार्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए रास्ते पर युवाओं को चलने की जरूरत है। विद्यालय की छात्रा अंशी एवं साथियों ने समूह गान पेश किया।

### शिक्षा में बताया स्वामी विवेकानंद का योगदान



शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकरनगर में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। प्राचार्या पुष्पा किस्पोट्टा के संरक्षण में आयोजन हुआ। इसमें डॉ. लता मिश्रा ने विवेकानंद के तैलचित्र का पूजन, वंदन करके उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। इन विचारों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हेमधर साहू ने स्वामी विवेकानंद के अनुसार युवा कैसा हो, उसे नारों के माध्यम से पेश किया।

### स्वामी विवेकानंद के जीवन संघर्ष पर हुई चर्चा



महाराष्ट्र मंडल में स्वामी विवेकानंद जयंती और छत्रपति शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई की जयंती सादगीपूर्ण मनाई गई। सुबह संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) में बच्चों ने स्वामी विवेकानंद और राजमाता जीजाबाई की वेशभूषा में प्रभावित किया। शिक्षकों ने दोनों विभूतियों के संदर्भ में बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी। वहीं शाम को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में स्वामी विवेकानंद और जीजाबाई की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष पर चर्चा की। एसडीवी के अनेक बच्चे स्वामी विवेकानंद और राजमाता जीजाबाई के गेटअप में पहुंचे थे।

गोंडवाना महोत्सव में शुक्रवार को घूमर नृत्य में देखने मिलीं राजस्थान की झलकियां

# कलाकारों ने हाथों पर मेहंदी से उकेरी प्रभु राम और सीता की तस्वीर, नृत्य में दिखी संस्कृति की झलक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बीटीआई ग्राउंड में मां पीतांबरा जन सेवा समिति की ओर से 18 दिवसीय गोंडवाना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के 9वें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के सैकड़ों प्रतिभागी शामिल हुए। मेहंदी के कलाकारों ने भगवान श्रीराम और सीता की जोड़ी को कलाइयों पर उकेरे। कई कलाकारों ने भगवान राम का बाल स्वरूप को भी कलाइयों पर उकेरे। वहीं मेहंदी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मेहंदी लगाई।

महोत्सव के आयोजक वैभव सिंह सिसोदिया और सौरभ सिंह ने बताया कि 10 से लेकर 18 तक अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शुक्रवार को हुई मेहंदी प्रतियोगिता का परिणाम 20 जनवरी को घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव श्रीराम भगवान के प्राण-प्रतिष्ठा के थीम पर आयोजित की गई है, जो दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य और गीत की प्रस्तुति भी की गई, जहां कलाकारों ने कार्यक्रम में जान डाल दी।





### राम भजनों पर झूम उठे श्रोता

स्कूली बच्चों ने एक और जहां घूमर कर राजस्थानी कला को प्रदर्शित किया, वहीं एक्ट कर प्रभु श्रीराम की लंका विजय तथा उनकी घर वापसी को भी प्रदर्शित किया। इसमें दिव्यांशी शर्मा, पायल साहू और लुभांशी साहू ने नृत्य में राजस्थान का घूमर नृत्य और कालबेलिया की प्रस्तुति दी। वहीं प्रांजल जीनियस स्कूल के बच्चों ने रामायण एक्ट में राम विवाह से लेकर लंका विजय और अयोध्या वापसी को दर्शाया।

### बच्चों की प्रस्तुति पर बजीं तालियां

बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरीं, वहीं वातावरण राममय हो गया। सिंगिंग कार्यक्रम में शहर के कई सिंगर्स ने अपने सुर छेड़े, जिसमें कृष्णा विश्वकर्मा ने सुख के सब साथी दुख में न कोई... किरण अग्रवाल ने राधिका गोरी से बिरज की छोरी से.... श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...की प्रस्तुति दी, इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जहां श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं और जय श्रीराम के नारे भी लगाए।



## सिटी स्पोर्ट्स

### खेलों को बढ़ावा देने कोई कमी नहीं रखेंगे:बृजमोहन



**रायपुर।** 40 सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को आयोजित समारोह में हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल स्कूल शिक्षा मंत्री थे। अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तीरंदाजी तकनीकी एवं दिमागी कसरत का खेल है और आयोजकों ने एक दिन नहीं 2 दिन नहीं 3 दिन नहीं पूरे 12 दिन तक टूर्नामेंट का आयोजन कर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तीरंदाजी का एक माहौल बनाए रखा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में खेलों को बढ़ावा देने के लिए किसी प्रकार की संसाधन की कमी नहीं आयेगी।
कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा तीरंदाजी प्राचीन कला है महाभारत और रामायण में भी इनका उपयोग है और राजा रामचंद्र जी लंका में विजय प्राप्त की और और विजय प्राप्त कर अयोध्या में रामलाल का मंदिर भी बनने जा रहा है पूरे देश में खुशहाली का माहौल है। विशेष अतिथि सूरजपुर भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल जेपी बालाजी ग्रुप,सीताराम अग्रवाल, सुभाष तिवारी , तैराकी संघ के अध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल और भारतीय तीरंदाजी संघ के विद्यार्थी की उपस्थिति में इंडियन वर्ग के विजयी तीरंदाजों को पुरस्कार वितरित किया गया। भारतीय तीरंदाजी संघ से आए टेक्निकल स्टाफ का भी अभिनंदन किया गया। तीरंदाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने अपने संबोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पूरे देश आए तीरंदाजीओ का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश तीरंदाजी संघ घोषणा की थी जो तीरंदाज राष्ट्रीय स्तर में मेडल आएगा प्रत्येक तीरंदाज को 25-25000 का नगद इनाम दिया जाए। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीन मेडल प्राप्त हुए तीनों को 25-25 हजार का इनाम मुख्य अतिथि के हाथों प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हीरू साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आरएसएस के त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से सुरेश सुखीजा,सुनिल अग्रवाल, सोनू राजपूत,संतोष बागी, अशोक दुबे और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## क्या ब्रह्ममुहूर्त में तोड़ सकते हैं तुलसी के पत्ते?



तुलसी के पौधे को बेहद पवित्र और पुजनीय माना गया है। इनकी पूजा करने से व्यक्ति को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। हिंदू धर्म में तुलसी को बेहद प्रिय और पुजनीय माना गया है। इसी कारण सभी के घरों में तुलसी का पौधा लगा हुआ होता है। तुलसी को लोग तीर्थ स्थान की समझकर पूजा-पाठ करते हैं।

### क्या ब्रह्ममुहूर्त में तुलसी के पत्ते तोड़ना है शुभ?

अगर आप तुलसी के पत्ते ब्रह्ममुहूर्त में तोड़ते हैं, तो इसे शुभ माना जाता है, लेकिन इसे तोड़ने के भी नियम होते हैं। ऐसी मान्यता है कि ब्रह्ममुहूर्त (ब्रह्ममुहूर्त मंत्र) में सभी देवी-देवता नींद से जागते हैं और यह समय किसी भी मनोकामना पूर्ति के लिए बेहद उत्तम माना जाता है।

### इस विधि से तोड़े ब्रह्ममुहूर्त में पत्ते

अगर आप ब्रह्म मुहूर्त (ब्रह्म मुहूर्त उपाय) में तुलसी के पत्ते तोड़ते हैं, तो सबसे पहले स्नान करें और अपने ईष्टदेव का ध्यान करें। उसके बाद पूजा-पाठ करें। पश्चात तुलसी के पौधे के पास जाएं और प्रणाम करके तुलसी के 21 पत्ते तोड़ें। इससे किसी भी प्रकार का दोष नहीं लगता है और व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन भी हो सकता है।

### तुलसी के पत्ते तोड़ने से पहले पढ़ें ये मंत्र

अगर आप तुलसी के पत्ते तोड़ रहे हैं, तो इससे पहले मंत्रों का जाप जरूर करें। तुलसी में जल चढ़ाने के दौरान मंत्र 21 बार इस मंत्र का जाप करें। 'ॐ-ॐ' मंत्र तुलसी के पत्ते तोड़ते समय इस मंत्र का 11 बार जाप करें। ॐ सुभद्राय नमः, मातस्तुलसि गोविन्द हृदयानन्द कारिणी,नारायणस्य पूजार्थं चिनोमि त्वां नमोस्तुते।।
जीवन में सफलता के लिए इस मंत्र का जाप करें महाप्रसादजननी, सर्व सौभाग्यवर्धिनी, आधि व्याधि हरा नित्यं, तुलसी त्वं नमोस्तुते।।

### तुलसी में जल चढ़ाने के फायदे

तुलसी में जल चढ़ाने से घर में सकारात्मकता का संचार हो सकता है। तुलसी के पत्तों में सिंदू लगाने से आर्थिक संकटों से छुटकारा मिल सकता है। तुलसी में जल चढ़ाते समय चंदन लगाएं। इससे भगवान विष्णु बेहद प्रसन्न होते हैं।

● बदलती लाइफ स्टाइल के चलते बहुत सी आदतें बढ़ा रही हैं जोखिम

# नौजवानों को भी ब्रेन स्ट्रोक का खतरा कम उम्र में शरीर हो सकता है लकवा ग्रस्त

पिछले कुछ वर्षों में हार्ट अटैक के साथ स्ट्रोक के मामले भी काफी बढ़ते हुए देखे गए हैं। ये दोनों ही समस्याएं जानलेवा हो सकती हैं, दुर्भाग्यवश कम उम्र के लोगों में भी इसका जोखिम काफी तेजी से बढ़ता हुआ पाया गया है।

ब्रेन स्ट्रोक, दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। इससे जो लोग जीवित बच जाते हैं उनमें कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं जैसे लकवाग्रस्त होने, बोलने-दृष्टि से संबंधित दिक्कत, संज्ञानात्मक समस्याओं का खतरा हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 40 से कम उम्र के लोगों में भी स्ट्रोक के मामलों को बढ़ते हुए देखा गया है, जो निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है।

ब्रेन स्ट्रोक तब होता है जब कोई चीज मस्तिष्क के हिस्से में रक्त की आपूर्ति को अवरुद्ध कर देती है या किसी कारणवश मस्तिष्क में रक्त वाहिका फट जाती है। स्ट्रोक से स्थाई रूप से मस्तिष्क को क्षति, दीर्घकालिक रूप से विकलांगता या यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। सभी लोगों में स्ट्रोक के लक्षण हों ये जरूरी नहीं है, कुछ शोध से पता चलता है कि लक्षण-मुक्त स्ट्रोक अधिक सामान्य हैं। आइए जानते हैं कि किन कारणों से स्ट्रोक का खतरा युवाओं-वयस्कों में भी बढ़ रहा है?



### युवा-वयस्कों में बढ़ रहा है स्ट्रोक का खतरा

न्यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रखर सहाय बताते हैं, स्ट्रोक किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह वो प्रमुख कारण हैं जो युवा वयस्कों में इस समस्या के जोखिमों को बढ़ा रहे हैं। वृद्ध लोगों में स्ट्रोक अधिक आम है। हालांकि करीब सात में से एक स्ट्रोक का मामला 15-49 आयु वर्ग के लोगों में देखा जा रहा है। 2021 के शोध से पता चलता है कि 10-15% स्ट्रोक 18-50 आयु वर्ग के वयस्कों में होते हैं। हमारी गड़बड़ दिनचर्या भी इस खतरे को बढ़ाने का कारण है।

### मोटापा और स्ट्रोक का खतरा

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज एंड डाइजेस्टिव किडनी डिसऑर्डर की रिपोर्ट से पता चलता है कि मोटापा, स्ट्रोक होने के खतरे को कई गुना तक बढ़ा देता है। मोटापे के कारण कई तरह की जटिलताओं जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और रक्त वाहिकाओं की समस्या भी बढ़ने लगती है जो इसका प्रमुख जोखिम कारक है। डॉ सहाय कहते हैं, अगर वजन को कंट्रोल कर लिया जाए तो इस गंभीर और जानलेवा समस्या के जोखिमों से बचाव किया जा सकता है।

### धूम्रपान सबसे बड़ा कारण

डॉ सहाय कहते हैं, युवाओं-वयस्कों में स्ट्रोक के अधिकतर मामलों के निदान में देखा जाता है कि रोगी धूम्रपान के शिकार रहे हैं। धूम्रपान या सेकेंड हैंड धुएं में सांस लेना भी स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकता है। इस एक आदत के कारण रक्त में ट्राइग्लिसराइड्स, बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के साथ रक्त का थक्का जमने की आशंका भी अधिक हो जाती है। रक्त वाहिकाएं मोटी या संकीर्ण होने लगती हैं जिसके कारण स्ट्रोक हो सकता है। धूम्रपान से बिल्कुल दूरी बनाना स्ट्रोक के खतरे से बचाव के लिए सबसे आवश्यक है।

### हाई ब्लड प्रेशर-डायबिटीज की समस्या

हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज, ये दो प्रमुख कारण हैं जो स्ट्रोक का खतरा बढ़ा सकते हैं। दुर्भाग्यवश युवाओं में ये दोनों समस्याएं भी तेजी से बढ़ती जा रही हैं। हाई ब्लड प्रेशर के कारण धमनियों की दीवारों पर उच्च दबाव पड़ता है, इससे मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनियां फट सकती हैं या अवरुद्ध हो सकती हैं। वहीं मधुमेह में हाई ब्लड शुगर की स्थिति मस्तिष्क सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगती है जिसके कारण भी स्ट्रोक हो सकता है। जिन लोगों को ये दोनों बीमारियां हैं उन्हें इसे कंट्रोल में रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है।



# ठंड में करते हैं योगासन तो इन बातों का रखें खास ध्यान



योग के दौरान शरीर में ऊर्जा उत्पन्न होती है और इससे शरीर का तापमान बढ़ता है, लेकिन वहीं अगर बाहर का तापमान कम है तो इससे सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

ठंड के मौसम में योगासन करना काफी जरूरी है, क्योंकि इन दिनों में शारीरिक गतिविधि काफी काम हो जाती है और ऐसे में योग का अभ्यास आपको फिट रखने में मददगार हो सकता है। लेकिन इसका पूरा लाभ लेने के लिए ठंड में योगासन करते वक्त आपको कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए, वरना इसके लाभ के बजाय हानि का सामना करना पड़ सकता है।

दरअसल, ठंड का मौसम सेहत के लिहाज से काफी संवदेनशील होता है। इस मौसम में जरा सी भी लापरवाही आपके सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। खासकर ठंड में योगासन जैसी गतिविधि करते वक्त अगर कुछ सावधानियों का ध्यान न रखा जाए तो इससे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इस आर्टिकल में आपको इसी बारे में बता रहे हैं कि ठंड के दिनों मे योगासन करते वक्त किसी तरह की सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए।

दरअसल, हमने इस बारे में 'मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान' की योग प्रशिक्षक मधु खुराना से बात की और उनसे मिली जानकारी यहां हम आपके साथ शेयर कर रहे हैं।

### तापमान संतुलन बनाए रखें

ठंड के मौसम में योगासन करते वक्त अपने शरीर के साथ ही आसपास के तापमान का भी ध्यान रखना चाहिए। इसलिए सबसे पहले तो योग का अभ्यास करने के लिए एक उचित स्थान का चुनाव करें, जहां बहुत अधिक ठंड न हो। क्योंकि योग के दौरान शरीर में ऊर्जा उत्पन्न होती है और इससे शरीर का तापमान बढ़ता है, लेकिन वहीं अगर बाहर का तापमान कम है तो इससे सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए योग के तुरंत बाद आपको ठंड में बाहर नहीं निकलना चाहिए।

### योग के लिए सही कपड़ों का चुनाव करें

शरीर के तापमान को संतुलित रखने के लिए ठंड में योग के लिए सही कपड़ों का चुनाव करना जरूरी है। इन दिनों में योग करते वक्त आपको गर्म कपड़े पहन कर रखना चाहिए, साथ ही योग के अभ्यास के लिए गर्म दरी या योगा मैट का प्रयोग करना चाहिए। ताकि योग के दौरान शरीर में उत्पन्न ऊर्जा शरीर से बाहर जल्द ही बाहर न निकल जाए।

# लोहड़ी पर जरूर बनाएं ये खास पंजाबी व्यंजन, त्यौहार बन जाएगा खास

नया साल शुरू होने के बाद लोहड़ी का त्यौहार आता है, जिसे बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसे में अगर आप लोहड़ी के त्यौहार पर चार चांद लगाना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए मददगार साबित हो सकता है क्योंकि हम आपको कुछ पंजाबी रेसिपीज बता रहे हैं। लोहड़ी साल का पहला त्यौहार है, जिसे मकर संक्रांति के पहले मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से कृषि को समर्पित होता है। कहा जाता है कि इस फेस्टिवल को तब मनाया जाता है, जब फसल अच्छी होती है। वैसे तो ये पूरे देश में सभी धर्मों के लोगों द्वारा मनाया जाता है, लेकिन सिख समुदाय इस पर्व को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है।



### गुड़ की रोटी की रेसिपी

सर्दियों में गुड़ का सेवन ज्यादा किया जाता है, क्योंकि यह हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद होता है। वहीं, गुड़ का इस्तेमाल लोहड़ी और मकर संक्रांति के मौके पर भी कई तरह से किया जाता है। ऐसे में अगर आप लोहड़ी के दिन कुछ डिफरेंट बनाने की सोच रहे हैं, तो नीचे बताए गए स्टेप्स को फॉलो करें। सबसे पहले एक पैन में दूध डालकर गर्म करने के लिए रखें। जब दूध में एक उबाल आ जाए तो आंच धीमी कर लें। इसे 1 मिनट पकाएं और फिर गैस को बंद करके अलग रखें। अब एक परात में आटा डालें और उसमें चुटकी भर नमक डालकर मिक्स करें। इसमें घी और गुड़ वाला दूध डालकर आटा गूंथ लें। आपको दूध कम लगे तो ऊपर से और दूध डाल सकती हैं। इसे गूंथकर 5 मिनट के लिए रेस्टिंग पर रखें। इसके बाद पराठे के लिए लोइयां लेकर बेल लें। तवे में घी लगाएं और पराठों को घी में अच्छी तरह से सेंक लें। फिर इन्हें गुड़ के छोटे-छोटे टुकड़ों के साथ सर्व करें।

### दही भल्ले की रेसिपी

अगर आप कुछ नमकीन ट्राई करना चाहते हैं, तो दही भल्ले ट्राई कर सकते हैं। दही भल्ले बनाने के लिए सबसे पहले दाल को पानी में भिगोकर रख दें। फिर पानी निकालकर मिक्सर ग्राइंडर में डालकर पीस लें। फिर पीसी दाल को लगातार चलाते हुए एक ही दिशा में अच्छी तरह से फेंट लें। साथ ही, एक कड़ाही में तेल गर्म करें और पीसी हुई दाल में सभी मसाले डाल दें। सभी मसाले डालने के बाद दाल के गोले बनाएं और हल्की आंच पक भल्ले को फ्राई कर लें। इस दौरान आप भल्ले में बेकिंग सोडा डाल सकते हैं। जब भल्ले फ्राई हो जाएं, तो गुनगुने गर्म नमक के पानी में डाल दें। लगभग 10 मिनट तक भीगा रहने दें और एक बाउल में दही डालें और इसमें पीसी चीनी, काला नमक, जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर डालें। फिर सर्विंग प्लेट में भल्ले निकालें और ऊपर से ठंडी दही डालकर ऊपर से जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और गुड़ की चटनी डालकर सर्व करें।

# सेहत के लिहाज से बेहद फायदेमंद है चांदी की चेन पहनना, मिलते हैं ये लाभ

चांदी में एंटी-माइक्रोबियल यानि रोगाणुरोधी गुण पाए जाते हैं और ऐसे में इसका उपयोग संक्रमण से लड़ने में शरीर के घाव को भरने में भी सहायक हो सकता है।

फैशन स्टेटमेंट के रूप में चांदी की चेन, कई दशकों बाद एक बार फिर ट्रेंड में है। आजकल महिला-पुरुष दोनो ही चांदी की चेन पहनना पसंद कर रहे हैं, खासकर नेम पेंडेंट वाली चेन को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। ऐसे में अक्सर लोगों के मन में यह सवाल आता है कि चांदी की चेन या ज्वैलरी पहनना कितना सही है? कहीं इसका सेहत पर कोई गलत प्रभाव तो नहीं पड़ेगा?

अगर आपके मन में भी कुछ ऐसे ही सवाल हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है, क्योंकि इस आर्टिकल हम आपको चांदी की चेन पहनने के स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताने जा रहे हैं। इस बारे में हमनें महाराष्ट्र के शताब्दी हॉस्पिटल के स्किन स्पेशलिस्ट डॉ. विप्लव कांबले से बात की और उनसे मिली जानकारी यहां हम आपके साथ शेयर कर रहे हैं।



### संक्रमण से लड़ने में मददगार

डॉ. विप्लव कांबले बताते हैं कि चांदी एंटी-माइक्रोबियल यानि रोगाणुरोधी गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इसका उपयोग संक्रमण से लड़ने में मददगार हो सकता है और इस तरह से यह शरीर पर पड़े घाव को भरने में भी सहायक हो सकता है।

### तापमान नियमित करने में सहायक

चांदी का उपयोग शरीर के आंतरिक तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होता है और इससे शरीर में उत्पन्न ऊर्जा का संतुलन भी बढ़ता है। ऐसे में इससे हाई बल्ड प्रेशर का खतरा कम हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रह सकता है। वहीं चांदी का प्रयोग से एंजाइटी जैसे मानसिक रोग के उपचार में भी सहायक माना जाता है।

**स्वास्थ्य समस्याओं को पहचानने में मददगार:** जी हां, चांदी स्वास्थ्य समस्याओं को पहचानने में भी मददगार हो सकती है। दरअसल, चांदी जैसे ही किसी टॉक्सिन के संपर्क में आती है, तो इसका प्राकृतिक रंग बदल जाता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# पर्दे पर दिखेगी माइकल जैकसन की कहानी, आ रही बायोपिक



**लॉस एंजेलिस।** अपनी गायकी और डांस से पूरी दुनिया को दीवाना बना देने वाले माइकल जैक्सन की कहानी जल्द ही पर्दे पर नजर आने वाली है। पॉप किंग की बायोपिक पर इन दिनों तेजी से काम चल रहा है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का निर्माण 22 जनवरी को शुरू होने वाला है। इस फिल्म का निर्देशन एंटोनी फूक्वा करेंगे। यह प्रोजेक्ट लायंसगेट द्वारा समर्थित है। जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन फिल्म में लीड भूमिका निभाएंगे। यूनिवर्सल पिक्चर्स के पास जापान को छोड़कर फिल्म के अंतर्राष्ट्रीय अधिकार हैं। ग्राहम किंग जॉन ब्रैंका और जॉन मैकक्लेन के साथ निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की पटकथा जॉन लोगन ने लिखी है। इससे पहले वे ग्लेडिएटर और द एविएटर जैसी फिल्में लिख चुके हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक यह फिल्म जैक्सन के जीवन के सभी पहलुओं को कवर करेगी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि निर्माता दिवंगत संगीत आइकन से जुड़े विवादों को कैसे दिखाएंगे। बायोपिक उनकी संपत्ति के संयोजन में बनाई जा रही है, जिसने बच्चों के यौन शोषण के आरोपों के खिलाफ उनका बचाव किया था। माइकल जैक्सन का जन्म 29 अगस्त, 1958 को गैरी, इंडियाना (शिकागो, इलिनोइस में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में हुआ था। जोसेफ वाल्टर ₹जोर₹ और कैथरीन एस्थर (नी स्क्रूज) के

### छॉलीवुड

# करन की "भागमानी"'छा गई यू-ट्यूब पर, लाखों ने देखा



**रायपुर।** यूट्यूब चैनल पर छत्तीसगढिया स्टार करन खान व दीपिका सिंह अभिनीत, निर्माता विकास खंडायित मेहर व छत्तीसगढ़ के जाने माने निर्देशक नितेश लहरी की शार्ट फ़ल्मि "भागमानी" सुर्खियां बटोर रही है। नया चैनल और कम सब्सक्राइबर होने के बाद भी धीमी शुरुवात करते हुए "भागमानी" ने अपनी रफ्तार पकड़ी और वर्तमान में लाखों व्यू के साथ ही चैनल के टॉप पर पहुंच गई है। "भागमानी" को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और लगातार इसके व्यूज बढ़ते ही जा रहे हैं।"भागमानी" के निर्माता विकास खंडायित मेहर व निर्देशक नितेश लहरी ने पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए दर्शकों को इस असीम प्यार के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है। साथ ही जिन्होंने भागमानी नही देखी है उन्हें फ़ल्मि देखने की अपील की है। भागमानी के कहानीकार व निर्माता विकास खंडायित मेहर, पटकथा-संवाद व निर्देशन – नितेश लहरी, छायांकन – राजू देवदास, संपादन – नारायण यादव, पोस्ट प्रोडक्शन – अभिषेक म्यूजिक वर्ल्ड, प्रोडक्शन डिज़ाइनर – अमरनाथ पाठक, गायक -अनुराग शर्मा, नृत्य – राम यादव, रूपसज्जा – रज्जु, वेशभूषा – लवकुमार, एक्शन – आनंद साहू और सहनिर्देशक – राजेन्द्र देवांगन हैं। प्रमुख कलाकार करन खान, दीपिका सिंह, रवि शर्मा, प्रमिला रात्रे, राजेश पांडिया, हेमंत निषाद, मिलन सिंगौर, लव कुमार महानंद, माही साहू, आनंद साहू, नोखु सिंगौर, नंदू साहू व अन्य हैं।

### भोजपुरी

# निरहुआ ने काजल राघवानी संग किया रोमांस, भाया भोजपुरी गीत




**पटना।** यूट्यूब पर भोजपुरी गानों को खूब प्यार मिलता है। इस बीच निरहुआ का एक गाना काफी पॉपुलर हो रहा है जिसमें काजल राघवानी के साथ उनका रोमांस देखने को मिल रहा है। ये फिल्म 'पटना से पाकिस्तान' है, जिसका गाना आज भी दर्शकों को खूब पसंद आता है। यूट्यूब पर भोजपुरी गानों को खूब प्यार मिलता है। खेसारी लाल यादव, पवन सिंह से लेकर आम्रपाली दुबे जैसे एक्टर्स के गानों को लोग देखना खूब पसंद करते हैं। इसी राह में भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार निरहुआ का गाना काफी वायरल हो रहा है। जो कि उन्हीं की भोजपुरी फिल्म से है। दिनेश लाल यादव यह गाना 'हम हई पिया जी पतरी तिरीयवा' लोगों को खूब अट्रैक्ट कर रहा है। इस गाने के विजुअल्स की बात करें तो निरहुआ और काजल राघवानी काफी अट्रैक्टिव लुक में दिख रहे हैं। गेंदों के फूल और दोनों का शानदार डांस का मिश्रण गजब है। गाने के विजुअल्स की तरह कोरियोग्राफी भी शानदार है और गाने के बोल भी। यही वजह है कि आज भी इस गाने को इतना पसंद किया जा रहा है।'पतरी तिरीयवा' गाने को कल्पना और दिने लाल यादव ने ही गाया है। जिसके बोल भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर लिरिसिस्ट प्यारे लाल यादव ने लिखे हैं। वहीं डायरेक्टर संतोष मिश्रा हैं। 'पटना से पाकिस्तान' गाने की बात करें तो इसमें निरहुआ और काजल राघवानी के अलावा आम्रपाली दुबे, सुशील दुबे और अशोक समर्थ नजर आए। 'पटना से पाकिस्तान' फिल्म के बारे में बात करें तो ये साल 2015 में रिलीज हुई थी। निरहुआ की इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।




फैशन की लाली

फैशन नगरी पेरिस में इन दिनों लाल का जादू छाया हुआ है। केंडल जेनर ने पेरिस में शिआपरेल्ली के स्प्रिंग-समर 2024 शो को लाल ऐक्रेलिक नकली नाखूनों से बनी पोशाक के साथ पेश किया है। लेकिन जेनर एकमात्र सेलेब्रिटी नहीं हैं जो लाल के प्यार की गिरफ्त में है। फैशन की दुनिया की जानी-मानी मॉडल यहां एक साथ लाल रंग में रंगी नजर आई तो दुनिया भर के कैमरे उनकी तरफ घूम गए। हालांकि यह क्रांति नहीं लेकिन एक ट्रेंड तो है।

# बालों के लिए बेहद फायदेमंद है लकड़ी की कंघी



हर कोई बाल को संवारने के लिए कंघी का इस्तेमाल करता है। लोग ध्यान नहीं देते लेकिन कंघी की क्वालिटी आपके बालों पर गहरा असर डालती है। ऐसे में अक्सर विशेषज्ञ लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। जी हां, बाल कंघी करने के लिए लकड़ी की कंघी को ही सबसे बेस्ट माना जाता है। इसमें कई प्रकार के गुण पाए जाते हैं, जो बालों से जुड़ी तमाम परेशानियों को दूर करते हैं। प्लास्टिक की कंघी से बालों की उलझन दूर तो हो जाती है, लेकिन बाल वापस से फ्रिजी हो जाते हैं, जिसके बाद बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में अगर आप लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करेंगे तो बालों को सुलझाने में दिक्कत नहीं होगी और ना ही बाल झड़ेंगे। लकड़ी की कंघी के इस्तेमाल से स्कैल्प की मालिश होती है। ऐसे में अगर आप रोजाना लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करेंगे तो इससे सिर का ब्लड सर्कुलेशन ठीक हो जाएगा। सिर के स्कैल्प से कई प्रकार के नेचुरल ऑयल निकलते हैं, ऐसे में लकड़ी की ये कंघी इस ऑयल को बालों में बराबर बांटने का काम करती है। ये ऑयल बालों में प्राकृतिक चमक प्रदान करता है।

## स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार



सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है। सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। समय के साथ स्किन चेंज हो सकती है, और यदि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कभी-कभी परिवर्तन नहीं करते हैं, तो यह एक मिस्टेक हो सकती है।सही मॉइस्चराइजर का चयन न करना भी एक आम मिस्टेक हो सकता है। आपकी स्किन को मॉइस्चराइजर की बेहद जरूरत होती है। ऐसे में आपकी स्किन टाइप के अनुसार सही मॉइस्चराइजर का चयन करना काफी महत्वपूर्ण है।

# ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल

फैशन



सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है।





ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

**हील्स वाले बूट्स:** अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

**ऐसे कैरी करें थाई बूट्स :** शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

**एंकल बूट्स:** आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

**टाइट्स के साथ भी दिखेगा अलग लुक:** आप एंकल लेंथ बूथ को टाइट्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। ये आपको सर्दी से बचाएंगी और साथ में इसी से आपका लुक काफी क्लासी लगेगा।

# गोल चेहरे पर खूब जचेंगे ट्रेंडी हेयर स्टाइल्स





अपने लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बनाने के लिए आउटफिट से लेकर मेकअप तक सभी चीजें जरूरी होती है, लेकिन इसके साथ-साथ अपने बालों के हिसाब से परफेक्ट हेयर स्टाइल चुनना भी लुक के लिए काफी जरूरी होता है। वहीं कई बार हमारे बाल मौसम के कारण बाल पतले होने लगते हैं।

### ओपन हेयर स्टाइल

पतले बाल अक्सर खुले रखने पर काफी बेजान से नजर आने लगते हैं। ओपन हेयर स्टाइल को बाउंसी लुक देने के लिए आप ब्रेड का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप फ्रंट या साइड में ब्रेड बना सकती हैं। बचे हुए लेंथ को अप कर्ल्स कर सकती हैं।

### ऐसे बनाएं ब्रेड

अगर आपके बाल पतले हैं तो आप इसे हैवी लुक देने के लिए फेक हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही कोशिश करें कि आप फ्रंट में ब्रेड बनाएं और एक की जगह 2 से 3 तरह के ब्रेड बनाने की कोशिश करें। ब्रेड को सजाने के लिए आप बीड्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### बन बनाने के लिए

पतले बालों में आप बन बनाने के लिए आप डोनट स्टफिंग का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आपके बालों में बनाया बन काफी खूबसूरत नजर आएगा।

# स्टाइलिश चश्मा पहनने का शौक है तो सेलेब्स से लें आइडिया

हम हमेशा से अपने सेलिब्रिटी या बॉलीवुड एक्टर्स के चश्मे की तरह अपने लिए ग्लास लेना पसंद करते हैं। इसलिए जब किसी फिल्म या अल्बम में न्यू स्टाइल का चश्मा दिखता है तो उसे खरीदने के लिए बेताब हो जाते हैं। मगर चश्मा खरीदने से पहले कुछ बातों को जानना जरूरी है। सनग्लास केवल हमारे फैशन को निखारने का काम नहीं करते हैं। इनको पहनने के कई अन्य फायदे भी हैं। इस हिसाब से भी हमें अपने वार्डरोब में चश्मे को जगह देनी चाहिए।



### ओवरसाइज्ड चश्मा

ओवरसाइज्ड चश्मा पहनने का फैशन नया नहीं है। लेकिन इन दिनों उसका प्रचलन तेजी से बढ़ा है। क्योंकि आजकल के गानों या फिल्मों में इस तरह के सनग्लास को खूब दिखाया जा रहा है। कहीं न कहीं इन चीजों की छाप हमारे ऊपर पड़ती है।

### ब्लैक चश्मा

काले चश्मे कमाल के होते हैं। अधिकतर लोग काला चश्मा कैरी करना पसंद करते हैं। वैसे भी ब्लैक कलर की बात ही कुछ और है। मगर लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से कुछ तलाश रहे हैं तो सनी कौशल की फोटो देखें। इनका काले रंग का चश्मा कमाल का दिख रहा है।

### येलो सनग्लास

चश्मों की बिक्री उनके लुक के आधार पर होती है। ग्लास का कलर देखकर अधिकतर चश्मों की खरीदारी करते हैं। येलो कलर के सनग्लास को पहनने वालों की संख्या काफी अधिक है। इस तरह के चश्मों से क्लासी लुक मिलता है। जैसे यहां पर देखिए सुनील ग्रोवर कितने कमाल के दिख रहे हैं।

### राउंड सनग्लास

राउंड या ओवल साइज सनग्लास भी लड़कों के चेहरे पर अच्छे लगते हैं। इस बात को आप यहां पर तस्वीर देखकर समझ सकते हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी का यह चश्मा काफी अच्छा लगता है। इस तरह के चश्मे हल्के होते हैं। इसलिए इनको पहनना सही होता है।

### वेफेरर्स - चश्मे

वेफेरर्स - चश्मे को भी काफी लड़के पसंद करते हैं। इस तरह के चश्मों को खूब पसंद किया जाता है। साथ ही इस तरह के सनग्लास को कहीं भी पहनकर निकल सकते हैं। शाहिद कपूर वेफेरर्स - चश्मे में काफी अच्छे लगते हैं।

## कार्नर न्यूज

# शादी की शेरवानी खरीदते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान

*हमने अक्सर शादी के घरों में देखा है कि लड़कियां तो शादी की तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं, लेकिन लड़के अपनी शॉपिंग पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। जबकि शादी का दिन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए ही बेहद खास होता है। इस दिन हर किसी की नजर दुल्हन के साथ-साथ दूल्हे पर भी होती है। ऐसे में दूल्हे को भी सबसे खास दिखना चाहिए। आज के समय में होने वाले दूल्हों को शेरवानी पहनना काफी पसंद आता है। बाजार में उनकी पसंद के हिसाब से आसानी से शेरवानी मिल भी जाती है लेकिन कई बार ये देखा जाता है कि गलत तरह के वेडिंग आउटफिट का चयन करने के बाद रात भर पूजा के समय बैठना काफी मुश्किल हो जाता है। दरअसल, शादी के दिन जयमाला का बाद रस्में पूरी रात चलती हैं।*



# शेरवानी ऐसी चुने जो दुल्हनियां के साथ लोगों को भी भाए

### क्या पहन सकते हैं

अगर ज्यादा ठंड का मौसम है तो आप सूट को भी चुन सकते हैं, लेकिन शेरवानी शादी के दिन सबसे खास दिखती है। ऐसे में कोशिश करें कि अपनी शादी के दिन शेरवानी का ही चयन करें।

### फैब्रिक का रखें ध्यान

अगर आप रेडीमेड शेरवानी खरीद रहे हैं तो उसे अच्छे से पहनकर देख लें। कई बार पायजामी का कपड़ा इतना ज्यादा कड़क होता है, कि उसे पहनकर बैठे रहना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ध्यान रखें कि शेरवानी का फैब्रिक ऐसा हो जिसमें आपको उलझन ना होने पाए।

### फिटिंग का रखें ध्यान

आपका शेरवानी ना तो ज्यादा टाइट होनी चाहिए और ना ही ढीली। अगर शेरवानी ज्यादा टाइट होगी तो इसे पहनकर बैठे रहना काफी मुश्किल होगा, लेकिन अगर ये ज्यादा ढीली होगी तो आपका लुक भी बिगड़ सकता है। ऐसे में शेरवानी की फिटिंग एक दम परफेक्ट ही कराएं।

### रंग का रखें ध्यान

वैसे तो आजकल पेस्टल रंग काफी ज्यादा चलन में हैं, लेकिन कई घरों में दूल्हा और दुल्हन को हल्के रंगों से दूर रखते हैं। ऐसे में आप गोल्डन-सिल्वर, गोल्ड-ब्लैक, गोल्डन-औरेंज, रेड-गोल्डन रंगों को चुन सकते हैं।

